हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 359, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 22 जून, 2023 दिन गुरुवार गाजीपुर/वाराणसी

## विश्व में शांति का माध्यम बन सकता है योग : योगी

### मुख्यमंत्री ने वैश्विक मंच पर योग की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए पीएम मोदी के प्रति जताया आभार



गोरखपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग भारतीय मनीषा की तरफ से विश्व मानवता के कल्याण के लिए दिया गया एक उपहार है। भारतीय ऋषि परंपरा से प्राप्त यह ऐसी विधा है जो शरीर और मस्तिष्क दोनों को स्वस्थ रखती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में योग की महत्ता को अंगीकार कर आज दुनिया के लगभग 200 देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ जुड़कर भारत की ऋषि परंपरा के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित कर रहे हैं। सीएम योगी 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में योगाभ्यास करने के पूर्व योग साधकों, प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने वैश्विक मंच पर योग की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए पीएम मोदी के प्रति आभार जताया। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में इस बात के लिए लोगों को नई प्रेरणा दी कि वास्तव में अगर विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना है तो तो केवल और केवल योग से हम इसको आगे बढ़ा सकते हैं। विश्व शांति का मार्ग आगे बढ़ाने में योग माध्यम बन सकता है। सीएम योगी ने कहा कि भारत ऐसे ही विश्व गुरु नहीं हुआ। यहां जो कुछ भी है वह व्यवहारिक है, पहले से प्रमाणित है। और, योग भी उसी परंपरा का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हजारों वर्षों की भारतीय मनीषा की परंपरा योग हम सबकी विरासत का हिस्सा है। हमें योग की विरासत पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। हजारों वर्षों से जिस योग को हम अपने जीवन का हिस्सा मानते रहे हैं, वह आज वैश्विक मंच पर छाता हुआ पूरी दुनिया को अपनी और आकर्षित करता हुआ दिखाई दे रहा है।

## बसपा दफ्तर से हटाई गईं मायावती, अंबेडकर व कांशीराम की मूर्तियां



लखनऊ। बसपा के प्रदेश कार्यालय पर लगी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, बसपा संस्थापक कांशीराम व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की तीनों प्रतिमाएं हटा दी गई हैं। यह प्रतिमाएं इसी से सटे मायावती के आवास में शिफ्ट की गई हैं। बसपा पदाधिकारियों का कहना है कि पार्टी कार्यालय पर जब बैठक होती है तभी लोग आते हैं जबकि आवास पर दिनभर कार्यकताओं और पदाधिकारियों की आवाजाही लगी रहती है। इसलिए प्रतिमाओं को वहां लगाया गया है। बुधवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी कार्यालय पर पदाधिकारियों व कार्यकताओं को संबोधित किया और कहा कि सभी को लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में जुट जाना है। उन्होंने कहा कि यूपी के करोड़ों लोगों के जीवन में महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं है। इन कमियों से लोगों का ध्यान बांटने के लिए भाजपा की सरकारें जातिवादी, सांप्रदायिक व धार्मिक विवादों को जानबूझकर पूरी छूट दे रही है। इससे देश की प्रगति प्रभावित हो रही है।

## भारतीय सेना के जवानों ने लद्दाख में पैंगोंग झील पर मनाया योग दिवस





लद्दाख। योग को बढ़ावा देने के लिए 21 जून को अंतर्रराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर भारतीय सेना के जवानों ने बुधवार को लद्दाख की पैंगोंग त्सो झील में योग किया। वहीं, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने भी राष्ट्रीय राजधानी में दिल्ली छावनी में योग किया।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईएनएस विक्रांत पर किया योग**– रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार के साथ केरल के कोच्चि में आईएनएस विक्रांत पर योग किया। इस बीच, पीएम मोदी 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र नेतृत्व और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सदस्यों के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाएंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वीडियो संदेश के माध्यम से कहा, 'शाम करीब साढ़े पांच बजे मैं योग कार्यक्रम में हिस्सा लूंगा जो संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित किया जा रहा है। भारत के आह्वान पर 180 से अधिक देशों का एक साथ आना ऐतिहासिक है। 2014 में जब योग दिवस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में आया, तो रिकॉर्ड संख्या में देशों ने इसका समर्थन किया था।' हर साल 21 जून को दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग के जरिए जागरूकता, शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लाभों का उल्लेख किया जाता है। बता दें कि 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की अवधारणा को पेश किया था। तभी से योग ने दुनिया भर में लोकप्रियता हासिल की। इस साल योग दिवस की थीम 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' यानी 'एक विश्व-एक परिवार' के रूप में सभी के कल्याण के लिए योग है।

## पीएम मोदी का अमेरिका दौरा अहम, रक्षा-व्यापार सहित कई मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद- पीयूष गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिका दौरे को अहम बताते हुए दोनों देशों के बीच रक्षा और व्यापार सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की उम्मीद जताई है।



**'140 करोड़ भारतवासियों की ताकत विश्व को कर रही आकर्षित'**– मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर भाजपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में गोयल ने कहा कि पीएम का अमेरिकी दौरा अहम रहने वाला है। 140 करोड़ भारतवासियों की ताकत, पूरे विश्व में लोगों को भारत की तरफ आकर्षित कर रही है और पूरा विश्व बहुत ही अपेक्षा के साथ भारत की तरफ देख रहा है।

**'28 महीने तक देश के 80 करोड़ लोगों को दिया मुफ्त अनाज'**– गोयल ने कहा कि पीएम मोदी अगले 25 वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था को 35 ट्रिलियन डालर की इकोनमी बनाने के लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के वर्ष बताते हुए उन्होंने कहा कि 28 महीने तक देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया गया ताकि देश में कोई भी भूखा न सोए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा के पहले चरण में न्यूयार्क पहुंच गए। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा, न्यूयार्क पहुंच गया हूं। नेताओं से मुलाकात और यहां के कार्यक्रमों का इंतजार कर रहा हूं। हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री का स्वागत अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू और संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने किया। प्रधानमंत्री के जोरदार स्वागत के लिए बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग भी वहां उपस्थित थे। यहां से प्रधानमंत्री सीधे होटल गए और वहां भी प्रवासी भारतीयों से मिले।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई अब्बास अंसारी की पेशी, चार जुलाई को अगली सुनवाई



मऊ। विधानसभा चुनाव के दौरान सदर विधायक अब्बास अंसारी द्वारा विजय जुलूस निकाल कर आचार संहिता का उल्लंघन करने के कोतवाली थाने के एक मामले में बुधवार को तारीख नियत थी। एमपी-एमएलए मामलों की विशेष अदालत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की प्रभारी प्रियंका आजाद ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से अब्बास अंसारी की इस मामले में पेशी कराई। इस मामले में आरोपित उमर अंसारी को पूर्व से गैर जमानती वारंट जारी है। सदर विधायक अब्बास अंसारी इस मामले में कासगंज जेल में निरुद्ध है। बुधवार को जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग लिंक होने पर उनकी पेशी हुई। मामले के अनुसार विधानसभा चुनाव के दौरान विजय जलूस निकाल कर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किया था तथा चुनाव प्रचार के दौरान मानक के विपरीत वाहन जुलूस निकाल कर आचार संहिता व धारा 144 का उलंघन किया गया था। इस मामले में सदर विधायक अब्बास अंसारी सहित उनके चचेरे भाई व अन्य 9 पर मामला कोतवाली थाने में दर्ज किया गया था। अपराध संख्या 106/22 में पंजीकृत इस मामले में चार जुलाई तारीख नियत की गयी है।

## सोनभद्र में रोडवेज बस खाई में गिरी: चालक-परिचालक समेत 21 यात्री घायल, 7 की हालत गंभीर; ब्रेक फेल होने से हादसा



सोनभद्र। सोनभद्र में ब्रेक फेल होने के कारण एक रोडवेज बस 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। जिससे चालक और परिचालक समेत 21 यात्री घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसा चोपन थाना क्षेत्र के मारकुंडी घाटी के पास हुआ। वाराणसी से चलकर शक्तिनगर जा रही हो विंध्यनगर डिपो बस संख्या (वढ 65 एळ 9695) में 35 यात्री सवार थे। आचनक रास्ते में बिल्ली मारकुंडी पहाड़ी के मोड़ के पास बस का ब्रेक फेल हो गया। जिस कारण बस 50 फीट नीचे खाई में जा गिरी। पुलिस के मुताबिक रात करीब 1 बजे बजे हादसा हुआ। रोडवेज के पीछे आ रहे राहगीरों ने बस गिरने की जानकारी पुलिस को दी। सूचना के बाद गुरमा पुलिस चौकी प्रभारी दल के साथ मौके पर पहुंचे। बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकलवाकर एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। घटना के वक्त बस में लगभग 35 यात्री सवार थे। जिसमें से 21 यात्री को चोट आई। घटना की सूचना मिलते ही देर रात जिला अधिकारी ने घटनास्थल पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अपर जिला अधिकारी ने जिला आपदा विशेषक टीम को घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति से अवगत कराने का निर्देश दिया। रात को पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। रात को पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर घायल यात्रियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में घायल लोगों में 7 की हालत गंभीर है। यात्री देवांश गुप्ता ,नंदिनी राय ,रानी राय, दीपक श्रीवास्तव, नैना गुप्ता ,आस्था पांडे, शिवम सिंह, जगदीश, सुनील कुमार गुप्ता ,कमलेश प्रसाद श्रीवास्तव ,उर्मिला गुप्ता ब्रह्मानंद त्रिपाठी, बसु प्रसाद ,मनीष कुमार गुप्ता, दिव्यांश ,सरोज पांडे ,किरण गुप्ता ,विपिन सिंह ,गौरी शंकर गुप्ता, सोनी श्रीवास्तव घायल हुए हैं। जिनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य यात्रियों को दूसरी बसों के माध्यम से उनके गंतव्य को रवाना किया गया है।

## हज यात्रियों ने काबा में भाजपा व आरएसएस के बबार्दी की मांगी दुआएं, वीडियो वायरल



प्रखर डेस्क। मुस्लिम समाज के लिए सबसे पवित्र स्थान काबा से एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। जिसमें हज यात्री भाजपा व आरएसएस के बबार्दी की दुआओं की मांग कर रहे हैं। एक व्यक्ति पहले भाजपा और आरएसएस की बबार्दी की बात बोलता है, वहीं दूसरी तरफ से तमाम हज यात्री उसकी बात को दोहराते हैं। यह वीडियो मोहसिन रजा ने अपने ट्विटर अकाउंट से शेयर किया है। मोहसिन रजा ने दावा किया है कि हज के दौरान भाजपा और आरएसएस के नाश के लिए दुआएं मांगी जा रही है। मोहसिन ने वीडियो को पीएम मोदी और सीएम योगी समेत तमाम लोगों को टैग करते हुए इसकी जांच करने की मांग की है। उन्होंने यह भी लिखा है कि पवित्र जगह पर इस तरह की हरकत करने वालों की नागरिकता समाप्त कर इनकी मानसिकता वाले देश भेज देना चाहिए।

## मोदी से मिलकर मस्क बोले- मैं उनका फैन: कहा- भारत में बिजनेस का स्कोप बाकी देशों से ज्यादा; यहां टेस्ला की फैक्ट्री लगाएंगे

न्यूयॉर्क। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के दौरे पर मंगलवार रात करीब 10 बजे अमेरिका पहुंचे। उस समय अमेरिका में दोपहर के साढ़े 12 बजे थे। जॉन एफ केनेडी एयरपोर्ट उन्हें रेड कार्पेट वेलकम मिला। प्रधानमंत्री वहां मौजूद भारतीय मूल के लोगों से भी मिले। एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री होटल लॉटे न्यूयॉर्क पैलेस पहुंचे। यहां उन्होंने टेस्ला के को-फाउंडर और ट्विटर ओनर एलन मस्क समेत नोबेल विजेता, इकोनॉमिस्ट, आर्टिस्ट, साइंटिस्ट, स्कॉलर जैसी 24 पर्सनालिटीज से मुलाकात की।



**मस्क बोले- भारत में बिजनेस का स्कोप दूसरे देशों से ज्यादा**– पीएम से मुलाकात के बाद मस्क ने कहा- मैं मोदी का फैन हूं। वे वाकई भारत की परवाह करते हैं। वे वही करना चाहते हैं जो देशहित में है। पीएम ने मस्क को भारत आने का न्योता भी दिया। इस पर मस्क ने कहा- बिजनेस के लिए भारत में किसी भी दूसरे देश से ज्यादा स्कोप है। मैं अगले साल भारत आऊंगा। टेस्ला के उएड एलन मस्क ने कहा कि वे स्टारलिंक को भारत लाने की उम्मीद कर रहे हैं। इससे दूरदराज के गांवों तक इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाने में मदद मिल सकती है। टेस्ला के उएड एलन मस्क ने कहा कि वे स्टारलिंक को भारत लाने की उम्मीद कर रहे हैं। इससे दूरदराज के गांवों तक इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचाने में मदद मिल सकती है। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मस्क ने यह भी कहा कि वे इस साल के आखिर तक वे भारत में टेस्ला फैक्ट्री के लिए लोकेशन फाइनल कर लेंगे। उन्होंने स्टारलिंक को भी भारत लाने की उम्मीद जताई। इससे भारत के दूरदराज के गांवों तक इंटरनेट पहुंचाने में मदद मिल सकती है।

**प्रधानमंत्री ने 24 कारोबारियों और थॉट लीडर्स से चर्चा की**– न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री ने मस्क के अलावा बौद्ध लेखक प्रोफेसर रॉबर्ट थुरमैन, निबंधकार-सांख्यिकीविद् प्रोफेसर नसीम निकोलस तालेब, एस्ट्रोफिजिसिस्ट और लेखक नील डेग्रसे टायसन, नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री पॉल रोमर और निवेशक रे डेलियो से भी मुलाकात की।

## जिला कारागार में दो कैदियों ने फांसी लगाकर जान दी, घटना से हड़कंप, अफसरों ने फोन बंद किया

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिला कारागार में हत्या के मामले में जेल में बंद दो कैदियों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इतनी बड़ी घटना के बाद हड़कंप मचा हुआ है। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी जसजीत कौर व एसपी सोमेन वर्मा ने घटनास्थल का जायजा लिया। फारेंसिक व डॉग स्क्वाएड की सहायता से सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है। कोतवाली नगर के गभड़िया के पास जिला कारागार स्थित है। बुधवार दोपहर जेल में दो कैदियों की संदिग्ध हालत में मौत के बाद सनसनी फैल गई। बैरक में मौजूद अन्य कैदियों ने मामले की सूचना अधिकारियों दी। सूचना के बाद जेल के विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मामले की जांच की। घटना के बाद से जेल अधीक्षक का फोन बंद है। जिन दो कैदियों की जेल में मौत हुई है। उनकी पहचान अमेठी जिले के जामो थाना क्षेत्र निवासी करिया पासी व मनोज के रूप में हुई है। उधर, नगर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## संपादकीय

# खालिस्तानी टाइगर फोर्स के अगुआ की हत्या से लगी चरमपंथ को चोट

खालिस्तानी टाइगर फोर्स के अगुआ हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से निस्संदेह पंजाब में सक्रिय खालिस्तान समर्थक संगठनों को गहरा आघात पहुंचा है। निज्जर ने कनाडा में रहते हुए खालिस्तान के समर्थन में एक सशक्त संजाल तैयार कर रखा था, जिसके जरिए वह पंजाब में कुछ संगठनों को वित्तीय मदद, हथियार, गोला-बारूद वगैरह पहुंचाता था। उसके ही इशारे पर पंजाब में कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया था। कई थानों और पंजाब के खुफिया मुख्यालय पर हमला किया गया था। राष्ट्रीय जांच एजंसी ने अपनी जांचों में खुलासा किया था कि निज्जर कई हस्तियों की हत्या और बड़ी वारदातों को अंजाम देने की योजना बना रहा था। सिख फार जस्टिस को उसका खुला समर्थन था। पाकिस्तान के कुछ चरमपंथी संगठनों के भी संपर्क में था। खबरों के मुताबिक कनाडा के एक गुरद्वारे के बाहर गोली मार कर उसकी हत्या कर दी गई। जब वह अपनी कार में बैठा था, तभी मोटरसाइकिल पर दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे और उस पर हमला कर दिया। यह व्यक्तिगत रंजिश का मामला भी हो सकता है। हालांकि यह पहला मामला नहीं है, जब कनाडा या किसी और देश में खालिस्तान समर्थक नेता की इस तरह हत्या हुई है। दो साल पहले खालिस्तान लिबरेशन फोर्स के मुखिया हरमीत सिंह उर्फ हैप्पी की भी इसी तरह गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। पिछले साल पाकिस्तान में हरविंदर रिंदा की रहस्यमय मौत हो गई। उसके कुछ महीने बाद पाकिस्तान में ही परमजीत पम्मा की गोली मार कर हत्या कर दी गई। निज्जर एक तरह से खालिस्तान आंदोलन की रीढ़ की हड्डी था। वह बब्बर खालसा को फिर से खड़ा करने की कोशिश कर रहा था। इस तरह उसने खालिस्तान समर्थक दूसरे संगठनों को भी अपने साथ जोड़ रखा था। राष्ट्रीय जांच एजंसी ने यह तथ्य भी उजागर किया था कि निज्जर के पाकिस्तानी खुफिया एजंसी आइएसआइ के साथ भी संबंध थे। इस तरह पाकिस्तान के रास्ते वह पंजाब में हथियार और गोला-बारूद पहुंचाने में कामयाब हो जाता था। ब्रिटिश कोलंबिया में उसने खालिस्तानी चरमपंथियों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर भी लगाया था। पंजाब के पटियाला में उसने सत्यनारायण मंदिर के पास बम विस्फोट कराया, आठ साल पहले एक धार्मिक गुरु की हत्या की साजिश भी उसी ने रची थी। इसलिए वह लंबे समय से भारतीय जांच और सुरक्षा एजंसियों की नजर में था। राष्ट्रीय जांच एजंसी ने उस पर दस लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। चार महीने पहले ही केंद्रीय गृहमंत्रालय ने निज्जर के संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स को आतंकवादी संगठन घोषित किया था। निज्जर से पंजाब में अस्थिरता पैदा होने और भारत की अखंडता को चोट पहुंचने का खतरा था। हालांकि खालिस्तान की मांग को लेकर चले हिंसक आंदोलन की प्रासंगिकता पंजाब के लोग बहुत पहले नकार चुके थे। मगर निज्जर जैसे कुछ चरमपंथी तत्त्व दूसरे देशों में बैठ कर उस आग को फिर से हवा देने में जुटे थे। वे पंजाब के युवाओं को उकसाते आ रहे थे। सिख पंथ का झंडा उठा कर उनकी धार्मिक आस्था का दोहन कर रहे थे। अमृतपाल सिंह भी उन्हीं गुमराह लोगों में एक था, जिसने पिछले दिनों पुलिस के सामने समर्पण कर दिया। पंजाब सीमावर्ती राज्य है और चूंकि इनमें से कई संगठनों के तार पाकिस्तानी चरमपंथी संगठनों से जुड़े हुए हैं, इसलिए इनसे लगातार खतरा बना हुआ था। निज्जर की हत्या के बाद पंजाब में अलगाववादी ताकतों के मनोबल को निश्चित रूप से चोट पहुंचेगी।

# खाद्य संकट

जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों में सबसे बड़ा संकट खाद्य उपलब्धता का रेखांकित किया जाता रहा है। पिछले साल के आंकड़ों को देखते हुए यह चिंता अब और गहरी होने लगी है। पिछले साल पूरी दुनिया में बीस करोड़ पचास लाख लोगों ने गंभीर खाद्य संकट का सामना किया। अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान की ओर से जारी की गई वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट में चिंता जाहिर की गई है कि 2050 तक खाद्य संकट की वजह से करीब 7.20 करोड़ लोगों के कुपोषित होने की आशंका है। इसके लिए संस्थान ने दुनिया के तमाम देशों को सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को विकसित करने के लिए तुरंत सक्रिय होने की जरूरत बताई है। इसके लिए अनुकूल, समावेशी और लचीला दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है, ताकि संकट की स्थिति में इसे तुरंत प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया जा सके। जलवायु परिवर्तन का सबसे बुरा प्रभाव खेती-किसानी पर पड़ा है। कृषि उत्पादन में कमी दर्ज की जाने लगी है। कहीं अतिवृष्टि तो कहीं सूखे की वजह से बड़े पैमाने पर फसलें बर्बाद चली जाती हैं। इसलिए भी खासकर विकासशील और गरीब देशों में खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता गहरी होती जा रही है। भारत के सामने यह संकट कई वजहों से बड़ा है। एक तो आबादी की दृष्टि से यह दुनिया का सबसे बड़ा देश बन गया है। दूसरी तरफ कृषि उत्पादन के मामले में कमी दर्ज हो रही है। हालांकि खाद्यान्न के मामले में भारत आत्मनिर्भर है, मगर जिस तरह उत्पादन में कमी दर्ज हो रही है और जो उत्पादन होता है, उसका पूरी तरह सुरक्षित भंडारण नहीं हो पाता, उसमें खाद्य सुरक्षा कानून का लंबे समय तक पालन कर पाना चुनौती बनता जा रहा है। पहले ही अस्सी करोड़ से अधिक आबादी को मुफ्त के राशन पर निर्भर रहना पड़ रहा है, उनके पास रोजगार के ऐसे साधन नहीं हैं कि वे अपना भोजन वे खुद जुटा सकें। इस तरह इस आबादी में कुपोषण की गंभीर समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक भारत में दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले कहीं अधिक कुपोषित बच्चे हैं। केवल एक या दो वक्त पेट भरने के लिए अनाज का प्रबंध हो जाने से पोषण की गारंटी नहीं दी जा सकती। समुचित पोषण के लिए फल, दूध, सब्जियों आदि की पर्याप्त उपलब्धता भी जरूरी है। इसके लिए कोई सरकारी प्रबंध नहीं है। ऐसे में कुपोषण की समस्या यहां बढ़ने की आशंका अधिक है। मगर भारतीय कृषि नीति और कृषि क्षेत्र के लिए बजट के निर्धारण को देखते हुए यही लगता है कि सरकार अभी इस संकट को लेकर गंभीर नहीं है। पिछले साल समय से पहले गर्मी का मौसम शुरू हो गया, तो गेहूं के दाने सिकुड़ गए। दलहन और तिलहन के उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव दिखाई देने लगा। सबसे कमजोर पहलू भंडारण का है। अव्वल तो सरकारी खरीद अपेक्षित लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाती, फिर अनाज को खुले में प्लास्टिक आदि से ढंक कर रख दिया जाता है और असमय या अत्यधिक बारिश की वजह से हर साल बहुत सारा अनाज बर्बाद चला जाता है। नए गोदाम बनाने की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता और पुराने गोदामों की मरम्मत में दिलचस्पी नहीं दिखाई जाती। ऐसे में खाद्यान्न की सार्वजनिक वितरण प्रणाली अक्सर चरमराती नजर आती है। लाभार्थियों को अनाज उपलब्ध कराया जाता है, उसकी गुणवत्ता स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छी नहीं मानी जाती। इसलिए दुनिया में आसन्न खाद्यान्न संकट के मद्देनजर भारत को कुछ अतिरिक्त रूप से सतर्क रहने की जरूरत है।

# स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के लिए भी वरदान बना योग!

स्वामी विवेकानंद ने कहा था- योग ही आयु में वृद्धि करता है। उनका यह कथन शत प्रतिशत यथार्थ है। हमसे पहले वाली पीढ़ी और पूर्वज लंबी आयु तक स्वस्थ रहते हुए जीवित रहते थे और शारीरिक रूप से ज्यादा मजबूत भी थे। इसका सबसे बड़ा कारण यह था कि भारत में प्राचीन काल से ही योग पद्धति को मनुष्य के जीवन लिए महत्वपूर्ण बताया गया है। हमारे यहां कहा भी गया है कि हमारा शरीर स्वस्थ है तो हमसे ज्यादा भाग्यशाली इंसान दुनिया में और कोई नहीं है। अगर स्वास्थ्य अच्छा होगा तभी हमारी मानसिक स्थिति भी अच्छी होगी। स्वस्थ तन में ही स्वच्छ मन का वास होता है। स्वस्थ तन और लंबी आयु के लिए नियमित योग करना आवश्यक है। अब तो हमारी इस प्राचीन पद्धति को वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक मुहर लगी है।

कोरोना जैसी महामारी के दौरान योग की महत्ता लोगों के सामने आई और रोगों से बचने के लिए इसका सहारा लिया जाने लगा। चिकित्सकों ने भी योग को रोगों से बचाव के लिए न सिर्फ आवश्यक बताया, बल्कि इसे करने की सलाह भी देने लगे। इसके बाद विभिन्न शिक्षण संस्थानों में योग शिक्षकों की नियुक्ति होने लगी तो यह रोजगार देने में कारगर हुआ। लोग स्वयं भी योग केंद्र खोलकर लोगों को योग सिखाने लगे। परिणामस्वरूप योग एक ओर जहां स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायक हुआ, वहीं रोजगार के भी अवसर पैदा हुए हैं। अब योग शिक्षक, योग प्रशिक्षक, योग चिकित्सक, योग शोधकर्ता, योग सहायक जैसे पदों का सृजन विभिन्न संस्थानों में हुआ। इससे युवाओं को अच्छे वेतनमान पर नौकरियां भी मिलने लगी हैं। इसके कारण युवाओं में योग के प्रति और भी आकर्षण बढ़ा है। डिजिटल युग में ऑनलाइन योग कक्षा के माध्यम से भी रोजगार के अवसर मिलने लगे हैं। योग के प्रचार-प्रसार और प्रयोग के बाद रोगों पर भी नियंत्रण हुआ है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में योग प्रशिक्षण केंद्र खुलने एवं योग सीखने वालों की संख्या में वृद्धि के बाद इसमें प्रयुक्त होनेवाली सामग्रियों का भी उत्पादन बढ़ा, जिससे व्यापार के भी नये अवसर मिले।



योग को इस प्रकार प्रतिष्ठित करने का श्रेय भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को है, जिनके प्रयास से भारत की यह अमूल्य पद्धति आज पूरी दुनिया में स्वीकार्य हुई है। इस वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूनेस्को मुख्यालय में उपस्थित होकर योग करेंगे। भारत सरकार संयुक्त राष्ट्र में होनेवाले योग दिवस को सफल बनाने में जुटी हुई है। इसमें 180 देशों के राजनयिक हिस्सा लेंगे तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियां भी मौजूद रहेंगी।इससे सिद्ध होता है कि प्रधानमंत्री जी योग के प्रति काफी गंभीर हैं। स्मरणीय है कि संयुक्त राष्ट्र में योग को लेकर प्रस्ताव रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को लेकर कहा था कि योग मन और शरीर की एकात्मकता का प्रतीक है, विचार और क्रिया, संयम और पूर्ति, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य, स्वास्थ्य और भलाई के लिए एक समग्र दृष्टिकोण है। यह एक व्यायाम के बारे में नहीं है, बल्कि स्वयं, दुनिया और प्रकृति के साथ एकात्म के भाव को खोजने की प्रक्रिया है।

आज पूरी दुनिया के लोग योग के महत्व को समझते हुए योग दिवस मना रहे हैं। दुनिया में इसकी स्वीकार्यता हर भारतीय के लिए बहुत ही गर्व का विषय है कि मन और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हमारी प्राचीन कला पूरी दुनिया में स्वीकार की गई और दुनिया भर में इसकी सराहना की गई है। भारत अपनी विरासत और विशेषताओं के लिए विख्यात है। भारत कई तरह की अमूल्य धरोहरों का देश है, जिससे जगत का कल्याण होता है। हमने वसुधैव कुटुम्बकम् के आधार पर दुनिया के साथ अपनी सबसे अच्छे धरोहरों में से एक योग को साझा किया है, जो लोगों की भलाई के लिए है और हमारे लिए बहुत ही प्रसन्नता की बात है।

वह ऐतिहासिक क्षण आज भी हर भारतीय की आंखों के सामने है, जब 2015 में पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विशाल आयोजन किया गया था तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 84 देशों के उल्लेखनीय हस्तियों ने भाग लिया था। इसके अलावा सामान्य जनता भी इस पहले योग दिवस समारोह के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित हुई थी। इस योग दिवस के दौरान 21 योग आसन किए गए थे। इस आयोजन ने दो रिकार्ड भी वर्ल्ड गिनीज में रिकॉर्ड्स किए गए। पहला रिकॉर्ड सबसे बड़ी योग कक्षा के लिए बना और दूसरा इसमें भाग लेने वाले देशों की सबसे बड़ी संख्या को लेकर बना। देश में विभिन्न स्थानों पर कई योग शिविरों का आयोजन किया गया। विभिन्न योग आसन अभ्यास करने के लिए लोग पार्क, सामुदायिक हॉल और अन्य स्थानों में इकट्ठे हुए। योग प्रशिक्षकों ने लोगों को ये योग सत्र सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। सामान्य जनता द्वारा दिखाया गया उत्साह अभूतपूर्व था। महानगरों में रहने वाले लोगों के साथ ही छोटे शहरों और सुदूर गांवों में रहने वाले लोगों ने भी योग की महत्ता को समझा और इसके लिए योग सत्रों का आयोजन किया और इसमें बड़ी संख्या में भाग भी लिया। उसी दिन एनसीसी कैडेटों ने लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में एकल वदीर्धारी युवा संगठन द्वारा एक साथ सबसे बड़ा योग प्रदर्शन अपना नाम दर्ज करवाया। यह एक अच्छी शुरूआत थी। लोग न केवल पहली बार प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में बाहर आए थे, बल्कि योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित हुए थे। योग प्रशिक्षण केन्द्रों पर योग दिवस के बाद विभिन्न योग सत्रों में दाखिला लेने के लिए बड़ी संख्या में लोगों को देखा गया। वैसे तो भारत के लोग पहले से ही योग के महत्व के बारे में जानते थे, लेकिन योग दिवस की शुरूआत ने इसे और ही आगे बढ़ाया है। यह उन्हें स्वस्थ जीवन शैली की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। दूसरी ओर दुनिया भर के कई लोगों के लिए यह एक नई अवधारणा थी। वे इस तरह की एक महान कला को जानकर अपने आप को धन्य महसूस कर रहे हैं। इसलिए यह दिवस भारत और साथ ही विदेशों में भी कई नए योग केंद्रों की स्थापना के लिए उत्साहित करता है। आज जब अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बहुत ही उत्साह देखा जा रहा है और इसे मनाने की तैयारी चल रही है तो यह दिन भारत के लिए और भी खास दिन बन जाता है। प्राचीन काल में योग का जन्म भारत में ही हुआ था और भारत में जन्म लेनेवाली इस पद्धति का इस स्तर पर मान्यता प्राप्त होना हमारे लिए गर्व का विषय है। अपने देश में भी यह बड़े पैमाने पर मनाया जाता रहा है और इस साल भी मनाने की तैयारी चल रही है। केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्री भी प्रमुख स्थानों पर आयोजित होनेवाले सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लेंगे। योग सिर्फ वर्तमान पीढ़ी के लिए ही उपयोगी नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ पीढ़ी बनाने का भी सुगम मार्ग बन गया है।

# गीताप्रेस और गाँधी शान्ति पुरस्कार 2021



29 अप्रैल 1923 में विश्व प्रसिद्ध ग्रन्थ महान गीता के मर्मज्ञ यवं व्यवसायी जगदयाल गोयन्दका ,घनिश्याम दास जालान और हनुमान प्रसाद पोद्दार द्वारा स्थापित गीता प्रेस, जिसका मुख्यालय गोरखपुर, उत्तरप्रदेश में है और जो किसी प्रकार के सरकारी सहयोग एवं विज्ञापन आदि के बिना, स्वतंत्रता पूर्वक अपने सनातन उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध होकर न केवल भारत मे वरन सम्पूर्ण विश्व मे सर्वाधिक धार्मिक पुस्तकों का मुद्रण एवं प्रकाशन जनकल्याण एवं विश्व शांति हेतु करता है को, 2021 का 'गांधी शांति पुरस्कार 'हेतु भारत सरकार द्वारा चयन निःसन्देह भारतीय प्राचीन गौरवशाली संस्कृति को सम्मान देने वाला है।

इस पुरस्कार से गीता प्रेस का मनोबल बढ़ेगा और वह और अधिक क्षमता व प्रयास के माध्यम से, परिवारिक मूल्यों , जीवन मूल्यों ,नैतिक मूल्यों ,सामाजिक मूल्यों , संवैधानिक मूल्यों ,सनातनी मूल्यों आदि की रक्षा के साथ-साथ पारम्परिक भारतीय सनातनी संस्करों का भाव प्रेषण अपनी धार्मिक व संस्कारिक पुस्तकों के माध्यम से जनता में करने का प्रयास करेगा।

प्राचीन काल मे जब लिपिबद्ध कानून नहीं था श्रुतिपरम्परा से अर्जित ज्ञान के माध्यम से इन धार्मिक ज्ञान ने पाप - पूण्य की अवधारणा से समाज को विनियमित करने का कार्य किया ।इसी परम्परा से कालांतर में लिपिबद्ध ग्रन्थों ने समाज को दिशा का दिखाई । आधुनिक काल में गीता प्रेस इसी के वाहक की भूमिका में लोकप्रिय है । सूचना के अनुसार गीता प्रेस अपने लगभग 18 थोक केंद्रों व 42 प्रमुख रेलवेस्टेशनों के अपने वितरण केंद्रों के साथ हजारों अन्य पुस्तक वितरण केंद्रों के साथ अपनी पुस्तकों को उपलब्ध करता रहा है। विशेषता यह भी कि इसके प्रकाशन में किसी भी जीवित व्यक्ति की फोटो व विज्ञापन नहीं होता जो अपने आप मे अद्वितीय है । इसके बावजूद इनकी पुस्तके अपनी लागत से 40 से लेकर 90 प्रतिशत कम मूल्य पर जनजागरण हेतु उपलब्ध




रहती हैं जो न केवल अन्य सम्बंधित लोगों के लिए अनुकरणीय वरन प्रेरणाप्रद भी है।

हिन्दुधर्म के आराध्य मयार्दापरुषोत्तम श्रीराम के जीवन चरित्र की पूर्ण जानकारी यह अपने विश्वप्रसिद्ध ग्रन्थ 'रामचरितमानस' के माध्यम से सम्बंधित धर्म के अनुयायियों व जनसामान्य के बीच प्रस्तुत करता है। इसी प्रकार हिन्दू धर्म के आराध्य देव भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच महाभारत के युद्ध के बीच हुआ नीतिगत संवाद जिसका संकलन 'श्रीमद्भवतगीता' के रूप में किया गया है, को भी हिन्दू धर्मप्रेमी व जनसामान्य के बीच प्रस्तुत करता है। हिन्दुधर्म में महाकाब्य 'महाभारत ' व 'रामायण ' आदि ग्रन्थों का प्रमुख स्थान है। यह ग्रन्थ लगभग सभी सनातन मतावलंबियों के परिवार में अवश्य होतें हैं और अधिकांश लोगों द्वारा पढ़े व अनुकरण किये जाते है। जिससे समाज में धार्मिक व नैतिक मूल्यों को परोक्ष रूप से स्थापना में मदद मिली है। गीता प्रेस अनेक हिन्दू धार्मिक ग्रन्थों ,टिकाओं के साथ कुछ मासिक पुस्तकों जैसे 'कल्याण' आदि का भी प्रकाशन करता है जो जनसामान्य में बहुत लोकप्रिय हैं। यह लगभग 15 भाषाओं में अपनी विभिन्न धार्मिक व मासिक पुस्तकों का अविरलगति से मुद्रण व प्रकाशन करता रहा है। जिनमें हिंदी, संस्कृत, मलयालम, तमिल, असमिया, गुजराती ,बंगाला, उड़िया, कन्नड़ ,मराठी, अंगेजी ,नेपाली, गुरमुखी, ऊर्दू प्रमुख हैं। जिससे परिणामस्वरूप इसका प्रसार क्षेत्र व पाठक वर्ग बहुत व्यापक हो जाता है।

ऐसी स्थिति में जब गीता प्रेस का स्थान विश्व के सर्वाधिक बड़े मुद्रकों एवं प्रकाशकों में सम्मिलित हो और विश्व के सर्वाधिक प्राचीन सनातन धर्म के प्राचीन सर्वमान्य स्त्रोतों में इसको गरिमामयी स्थान प्राप्त हो साथ ही साथ जिसने सैकड़ो वर्षों में अविरलगति से अपने भगीरथ प्रयासों के द्वारा यह सब वैश्विक कीर्तिमान अपने प्रयासों से प्राप्त किया हो तो निश्चित रूप से वह इस 'गांधी शांति पुरस्कार 2021' के सर्वथा योग्य है। गीताप्रेस अपने प्रकाशनों के माध्यम से राष्ट्र की एकता और अखंडता के साथ - साथ वैश्विक शांति एवं सहिष्णुता को बढ़ाने में अतुलनीय योगदान दिया है। हम इसके प्रयास को नमन करते हुए 'गांधी शांति पुरस्कार 2021' हेतु चयनित होने पर हार्दिक बधाई प्रेषित करते हैं ।

**राजेश सिंह**
**मऊ, उत्तरप्रदेश**
**स्वतन्त्र स्तम्भकार**
9415367383

# जनपद भर में मनाया गया नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## प्रधानमंत्री मोदी ने योग को दिलवाई अंतरराष्ट्रीय पहचान : विशाल सिंह "चंचल"

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। हर आंगन योग के अवसर पर पुलिस लाइन गाजीपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरूआत की। योग शिविर में योग प्रशिक्षक रुद्र तिवारी के द्वारा एमएलसी विशाल सिंह चंचल, नगरपालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, डीएम आर्यका अखौरी, एसपी ओमवीर सिंह समेत तमाम अधिकारी कर्मचारी गण के साथ सम्भ्रान्त नागरिक व बच्चों को विभिन्न योग कराया गया। योगाभ्यास तकरीबन सुबह 5:30 बजे से शुरू होकर 8:00 बजे तक चलाया गया। योग कार्यक्रम की समाप्ति के बाद मुख्य अतिथि एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने बताया कि पुलिस लाइन में आयोजित योग शिविर में बड़ी संख्या में लोग आए थे और योग शिविर में लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे में जनपदवासियों को इस अवसर पर हार्दिक बधाई देता हूँ। वहीं उन्होंने ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दी है। वहीं उन्होंने बताया कि कुछ व्यायाम कठिन होता है लेकिन प्रैक्टिस करने पर





उसमें सुधार होता है। लेकिन योग करे और निरोग रहे। वहीं डीएम आर्यका अखौरी ने कहा कि आज पूरे विश्व में नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। पूरे विश्व मे प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में योग दिवस को विश्व स्तर पर पहचान मिली है। इसके बाद जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा योग प्रशिक्षकों की देखरेख में योगाभ्यास किया गया। योगाभ्यास में सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण, विभिन्न संस्थाओं के लोग तथा बच्चे शामिल थें।

ज्वाइंट मेडिकल फोरम गाजीपुर के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन लंका मैदान स्थित रामजानकी विद्यालय में सम्पन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन संस्था के संरक्षक व जनपद के वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ0 ए0के0 मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में योग से सम्बंधित जानकारी प्रशिक्षक के रूप में डॉ0 बच्चन यादव होम्योपैथी चिकित्सा विशेषज्ञ ने दिया तथा उपसस्थित समूह को योग कराया। महाराजगंज काली माता मंदिर के हाल में वरिष्ठ भाजपा नेता अच्छेलाल गुप्ता के नेतृत्व मे पतंजलि योग पीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक राजेन्द्र यादव के द्वारा योगासन एवं अन्य समस्त योग क्रियाओं का सफल अभ्यास कराया गया। योग करने वालों में शक्ति केंद्र संयोजक अनिल जायसवाल मनोज गुप्ता, महेन्द्र यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, सुरेन्द्र वर्मा, राजेंद्र यादव, दीनदयाल कुशवाहा,हरिओम चौरसिया, जगरनाथ यादव,मान सिंह यादव,और हनुमान राम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान गाजीपुर पर विश्व योगा दिवस के अवसर पर योगा शिविर आचार्य उप निदेशक इंजीनियर सुबास चंद्र सिंह के देख रेख में आयोजित किया गया। योगा से होने वाले लाभ एवं योगा से शरीर एवं मन को स्वस्थ रखने के लिए उसकी नितांत आवश्यकता पर बल दिया ' इसी क्रम में संस्थान के प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने बताया की शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थ रहने के लिए योगा अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन आनंद श्रीवास्तव ने किया। स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में नवम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस हर घर - आंगन योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफे० डॉ0 राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया। योग के प्राध्यापक व प्रशिक्षक डॉ० अनुराग सिंह ने उपस्थित सभी लोगों को योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर प्रोफेसर एस० एन० सिंह, प्रोफेसर अरूण कुमार यादव, डॉ० एस० एस० यादव, डॉ० रूचि मूर्ति सिंह, डॉ० रविशेखर सिंह, डॉ० धर्मेन्द्र, डॉ० गोपाल सिंह यादव, डॉ० पियुष कान्त सिंह, डॉक्टर वी. एन. पाण्डेय सहित प्राध्यापक , कर्मचारी, एन. एस. एस., एन. सी. सी., रोवर्स-रेंजर्स, छात्र - छात्राओं सहित पूरा महाविद्यालय परिवार ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। प्राचार्य प्रोफे० डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में मानव जीवन अनेक कठिनाइयों से भरा पड़ा है। समस्त समस्याओं के समाधान हेतु मनुष्य का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है, इसलिए नियमित योग एवं प्राणायाम व्यक्ति को मजबूती एवम निरोगी काया प्रदान करता है।

स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज में दिनांक 15 से 21 जून तक सप्ताह व्यापी योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज प्रातः 5.30 से 7.30 तक महाविद्यालय के प्रेक्षालय में हुआ। जिसमें विशिष्ट यौगिक अभिक्रियाएं विषय पर सेमिनार तथा प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रख्यात योग प्रशिक्षिका अनिता यादव ने उपस्थित जन समुदाय को योग के विविध अधिगमों के विषय मे बताते हुए आसन एवं प्राणायाम के प्रायोगिक स्वरूप पर विशेष व्याख्यान दिया। इस अवसर पर स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज के प्राचार्य डा0 वी के राय ने कहा कि योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की कुंजी है। यह सम्पूर्ण विश्व को भारत तथा भारतीयता की अनुपम भेंट भी है जिसने पूरब और पश्चिम का भेद मिटा दिया है। इस अवसर पर कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के सक्रिय पदाधिकारियों-सदस्यों के साथ सहभागिता करते हुए मुख्य अतिथि संजय कुमार, जिला संयोजक तथा काशी प्रान्त के उपाध्यक्ष ने कहा कि योग को दुनिया भर में जिस तत्परता से अपनाया गया है वह अपने आप मे योग के वृहत्तर और व्यापक माहात्म्य के प्रति बढ़ते अनुराग का प्रतीक है।

इस कार्यक्रम में डॉ0 गायत्री सिंह, प्रो0मधुसूदन मिश्र, प्रो0अजय राय, प्रो0रामधारी राम, सन्ने सिंह, सुरेश प्रजापति, अरविंद यादव, संजय राय, शशांक राय, प्रवीण राय, सत्येंद्र राय, समीर राय, शरद राय, अमित राय, धर्मेंद्र कुशवाहा आदि शिक्षक-कर्मचारी तथा डॉ. आर पी शर्मा, अनिल उपाध्याय, अरुण राय, जितेंद्र मोहन, शिव कुमार, विष्णुप्रिया, मनोरमा राय एवं अंजना राय आदि भारत विकास परिषद के प्राधिकारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत मे महाविद्यालय के वरिष्ठतम प्राध्यापक प्रो0 अवधेश नारायन राय ने आगंतुक अतिथि जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नई बाजार गांव के पम्मपिंग सेट के पास मिला शव, हड़कंप



प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के धरौरा नई बाजार गांव के सड़क के किनारे पम्मपिंग सेट मशीन के पास बुधवार की सुबह एक युवक के शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।मृतक की पहचान हरिदास राम पुत्र स्व पतिराम राम 42 वर्ष हुरुहुरी निवासी के रूप में हुई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई।

ग्रामीण जब खेत की तरफ शौच के लिए जा रहे थे तभी उनकी निगाह सड़क के किनारे लगे पम्मपिंग सेट के टंकी के पास शव देख भयभीत हो गए देखते ही देखते आस पास के लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गई शव की पहचान हरिदास के रूप में हुई सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन शव को देख चीखने चिल्लाने लगे।

परिजनों के अनुसार मृतक मंगलवार की शाम बाजार करने नई बाजार गया हुआ था देर रात घर वापस न पर आने पर काफी खोजबीन की गई मगर कुछ पता नही चल सका।सुबह शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंच शव देख पैरो तले से जमीन खिसक गई।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा व प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने मौके पर डाग स्क्वायड व फॉरेंसिक की टीम बुलाकर सुराग लगाने का प्रयास किया गया।फॉरेंसिक टीम घटना स्थल का निरीक्षक कर सेम्पल को लेकर अपने साथ वापस चली गई।मगर घटना का सुराग लगाने में असफल रहीं।खबर लिखे जाने तक मौत के कारण का पता नही चल सका है।

गौरतलब है कि मृतक हरिदास तीन भाईयो में सबसे बड़ा था मुंबई में प्राइवेट नौकरी कर अपने परिवार भरण पोषण करता है वह तीन माह से अपने घर आया हुआ था।मृतक की पत्नी जलालपुर समूह सहायता में कार्य करती है जो पिछले दो सप्ताह से अपने माइके गई हुई थी घटना की सूचना मिलते ही परिवार समेत घटना स्थल पर पहुंच चीखने चिल्लाने लगी।मृतक के दो पुत्र सुरज 20 वर्ष,श्रेयांश 8 वर्ष व एक पुत्री सिमरन 19 वर्ष है मृतक अपने भरा परिवार छोड़ गया। परिजनों के अनुसार मृतक टीवी का मरीज था जिसका इलाज चल रहा था।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उदय प्रताप कॉलेज में भव्य आयोजन

प्रखर वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उदय प्रताप स्वायत्तशासी कॉलेज के पवेलियन पर योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। योग का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने राजर्षि जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। योग का संचालन प्रोफेसर सुबोध सिंह ने अपने सहयोगी असिस्टेंट प्रोफेसर श्री विनय कुमार यादव के साथ लगभग 1000 लोगों को जिसमें प्रोफेसर प्राध्यापक शिक्षक व एनसीसी के अधिकारी डॉक्टर मयंक सिंह डॉक्टर देव नारायण सिंह एनसीसी कैडेट सहित रोवर्स रेंजर्स बास्केटबॉल हॉकी के कोच श्री शशिकांत सिंह फुटबॉल एथलेटिक साईं आदि के खिलाड़ी व कोच भी मौजूद थे सभी को योगाभ्यास कराया गया योग का हमारे जीवन में क्या महत्व है योग के माध्यम से हम अपने आप को किस प्रकार वर्तमान समय में स्वास्थ्य व निरोग रख सकते हैं इन सभी बिंदुओं पर प्रोफेसर सुबोध सिंह ने प्रकाश डाला आज के कार्यक्रम में प्रोफेसर अंजू सिंह रेंजर्स लीडर प्रोफेसर नरेंद्र सिंह प्रोफेसर मनोज त्रिपाठी डॉक्टर अंकित सिंह रोवर्स लीडर डॉ प्रदीप सिंह प्रोफेसर कुलदीप सिंह उदय प्रताप इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रमेश सिंह श्री उमेश सिंह श्री अरविंद सिंह ने अपने अन्य शिक्षकों व छात्रों के साथ प्रतिभाग किया आर. एस. एम. टी. के निदेशक डॉ अमन गुप्ता



अनुराग सिंह अन्य शिक्षक व छात्रों के साथ उपस्थित थे तथा उदय प्रताप पब्लिक स्कूल व रानी मुरार कुमारी बालिका इंटर कॉलेज के शिक्षक व छात्रों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रमिता सिंह सहायक नगर आयुक्त दिनेश यादव पूर्व पार्षद श्री अरविंद सिंह प्रभारी उत्तर विधानसभा सुनील सोनकर पूर्व पार्षद अमन सिंह महामंत्री छात्र संघ शिवम सिंह दीपक गुप्ता राजेंद्र प्रसाद (परिचर) आदि उपस्थित थे।

## वस्त्र दान फाउडेशन युवा टीम ने मनाया अपना 5वां वर्षगांठ

प्रखर वाराणसी। वस्त्र दान फाउडेशन युवा टीम द्वारा गोद लिये गये नुआव सेवा बस्ती में संस्था ने मनाया अपना 5 वा वर्षगांठ , संस्था द्वारा बस्ती मे लगभग 120 से अधिक लोगो को जीवन व्यापन हेतु कुछ सामाग्री वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा केक काट कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि



रोहनिया विधायक डाँ सुनिल पटेल व अम्बरीश सिंह भोला प्रभारी ( हिन्दु युवा वाहिनी वाराणसी मंडल ) गुडू पटेल (सुसुवाही पार्षद ) सचिन सनातनी ( ब्रम्रराष्ट्रएकम संस्थापक) , सन्नी सिंह ( समाज सेवा) आदि अतिथिगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। और साथ ही भविष्य में हर सभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। बस्ती मे अधिक से अधिक विकास हो सके, इस पर मुख रुप से बात हुई । कार्यक्रम में उपस्थित जनों में सुधाशु सिंह, सुनिल पांडेय, सुधीर यादव, निशात सिंह , धर्मेद्र पटेल जय सिंह, राहुल पटेल , आशीष कुमार, आदि लोग उपस्थिति रहे।

## उमरहां के पास तेज रफ़्तार ट्रक ने डायल 112 में मारी टक्कर, 3 पुलिसकर्मी घायल

प्रखर वाराणसी। वाराणसी-गाजीपुर हाईवे पर बुधवार को चौबेपुर क्षेत्र में एक दुर्घटना हुई। यहां वाराणसी की ओर से आ रही तेज रफ़्तार ट्रक ने उमरहां के पास डायल 112 की वैन में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें बैठे कांस्टेबल संतोष गोंड, कांस्टेबल सोनू मौर्य व ड्राईवर राजेश यादव घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे चिरईगांव पुलिस चौकी के पुलिसकर्मियों ने घायलों को पीएचसी चिरईगांव पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद ड्राईवर राजेश यादव, कांस्टेबल सोनू गौड़ वापस चले गए। जबकि हेडकांस्टेबल संतोष गोंड को सिर में गंभीर चोट के कारण पंडित दीनदयाल हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

# शाहगंज :फरीदुल हक मेमोरियल कालेज में भी किया गया योगाभ्यास

प्रखर जौनपुर /शाहगंज । फरीदुल हक मेमोरियल पी.जी.कॉलेज तालीमबाद सबरहद शाहगंज जौनपुर में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा रोजना व रोवर्स रेंजर्स के सवयं सेवक/स्वयं सेविकाओं के साथ साथ महाविद्यालय के अन्य छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम योगाचार्य श्री रामचन्द्र मौर्य जी द्वारा संचालित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ तबरेज आलम ने की।कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे छात्र/छात्राओं,प्राध्यापकों एवं अन्य उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य ने योग की सार्थकता को सारगर्भित ढंग से रेखांकित किया।प्राचार्य ने उपस्थित जनों से नियमित योग की अपील करते हुए कहा कि योग के नियमित अभ्यास से शरीर व मन निरोगित रहता है।किसी भी देश व समाज की विकास यात्रा में



निरोगित मन और निरोगित शरीर मील के पत्थर की हैसियत रखता है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ निजामुद्दीन,श्री रियाज अहमद, डॉ अनामिका पांडेय, श्री सूर्य प्रकाश यादव, डॉ शिव प्रसाद यादव,श्री प्रमोद रावत, श्री शिव चरण प्रजापति, श्रीमती गीता देवी,श्रीमती सुनीता यादव, डॉ संजय कुमार यादव, श्री अखिलेश कुमार,श्री परशुराम विश्वकर्मा, श्री उस्मान अहमद तथा छात्र/छात्राओं ने योगाभ्यास में बड़े ही जोश के साथ प्रतिभाग किया।कार्यक्रम का शुभारंभ योगाचार्य श्री रामचंद्र मौर्य द्वारा योग वन्दना के साथ किया गया तत्पश्चात ग्रीवा चालन असकनद चालन,घुटना चालन, ताड़ासन, वृक्षासन,शशांक आसन,कपालभाति, नाड़ी शोधन आदि विभिन्न आसन करवाए साथ ही योग संकल्प दिलाया कि वे नियमित रूप योग करते रहेंगे।अन्त में वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ0 अमित कुमार गुप्ता जी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कृषि विज्ञान केंद्र अंकुशपुर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

प्रखर गाजीपुर। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र अंकुशपुर गाजीपुर मे 9वा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया इस क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक हेड डॉ आर सी वर्मा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 की जो थीम है योग फॉर वसुधैव कुटुंबकम है,जो आयुष मंत्रालय द्वारा दी गई है। आज हमारे लिए गर्व की बात है योग दिवस की अगुवाई हमारे भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय किया जा रहा है ।योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है । जिला गाजीपुर के कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किसानो व आम जन को योग व पर्यावरण की सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में केंद्र के कर्मचारियों व किसानों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यत्मिक महत्त्व की जानकारी प्रदान की गई. इस दौरान योग के साथ-साथ गाजीपुर क्षेत्र में विशेष वानिकी कार्यक्रम के अंतर्गत



अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प भी लिया गया। साथ ही साथ खेती में असंतुलित उर्वरक के प्रयोग के कारण बिगड़ते हुए मृदा स्वस्थ के मुद्दे पर भी गहनता चर्चा की गई। इस दौरान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ जेपी सिंह ने खेती में संतुलित उर्वरक के प्रयोग के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को मिटटी की जाँच करवाकर ही उर्वरक का प्रयोग करना चाहिए।

वही वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र प्रताप ने रसायनों के मानव स्वस्थ एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारत्मक प्रभावों की जानकारी भी दी. इस मोके पर वैज्ञानिक डॉ शशांक शेखर ने खेती में मौसम के प्रभाव के बारे में जानकारी दी, साथ ही कार्यक्रम में मौजूद डॉ शशांक सिंह ने कृषि वानिकी के बारे में विस्तर से बताया. वही मृदा वैज्ञानिक डॉ अविनाश कुमार राय ने रसायनों के मानव स्वस्थ एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले नकारत्मक प्रभावों की जानकारी भी दी. इस मोके पर पशुपालन वैज्ञानिक ने खेती में पशुपालन के महत्व की जानकारी दी । इस अवसर पर कार्यालय अधिष्ठाता किरन मौजूद रही अन्य लोगों ने उमेश , अंकुश व विपिन कुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## तराव गांव में बकाया विद्युत बिल वसूली का लगा कैंप

प्रखर चंदवक जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के तराव गांव में बुधवार की सुबह विद्युत विभाग के द्वारा बकाया विद्युत बिल वसूली का कैंप लगाकर विद्युत उपभोक्ताओं से किया गया वसूली। इस दौरान दो लाख पैतीश हजार की विद्युत वसूली के साथ ही विद्युत भुगतान को लेकर उपभोक्ताओं को कैंप में जागरूक किया गया।इस बाबत अवर अभियंता गजानन ने बताया कि विद्युत बकाया को लेकर विभाग द्वारा निर्देशित किया गया कि हर गांव में कैंप लगाकर बकाया विद्युत की वसूली की जाय जिसके क्रम में तराव गांव में विद्युत बकाया वसूली कैंप लगाकर वसूली की जा रही है उन्होंने बताया महीने के हर 21 तारीख को कैंप लगाकर बकाया वसूली की जायेगी कैंप के दौरान 22 विद्युत उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी विपिन पाल, लाइनमैन राजेंद्र राम, सर्वेश, रमेश मौर्य, अनील, सरोज व रीडर रामबचन मौर्या समेत भारी संख्या में उपभोक्ता मौजूद रहे।

# डायट में भी हुआ योग एवं प्राणायाम

प्रखर वाराणसी। शांति के लिए विश्वविख्यात भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली सारनाथ स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डायट प्राचार्य उमेश शुक्ला के निर्देशन में योग प्रशिक्षक कमलेश कुमार पाण्डेय व सत्येंद्र मौर्य द्वारा डीएलएड प्रशिक्षुओ को योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय रमईपट्टी की छात्रा अनन्या सिंह के योगाभ्यास आधारित फ्लोर डांस का भी उपस्थित लोगों ने आनंद लिया।इस अवसर पर चित्रकला प्रदर्शनी एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान डायट प्रवक्ता डॉक्टर हरगोविंद



पुरी, सूर्यकांत त्रिपाठी,अनुज शर्मा, नरसिंह मौर्य, प्रमोद कुमार, गोविंद चौबे, अरविंद सिंह, लालधारी यादव, विकास कुशवाहा, ओमकार कुशवाहा, नगमा परवीन, अमित कुमार दुबे, प्रिंस कुमार गुप्ता, सुप्रिया वर्मा व राजकुमार सिंह ने भी योगाभ्यास में प्रतिभाग किया।

# चन्दौली संसदीय क्षेत्र विधानसभा अजगरा चंद्रावती गंगा तट पर पक्के घाट की आज रखी जायेगी आधारशिला

## जैन तीर्थकर श्री चन्द्र महाप्रभु की जन्मस्थली चन्द्रावती में केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद चंदौली डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय जी पर्यटन विकास एवं पक्के घाट का करेंगे शिलान्यास

प्रखर दानगंज वाराणसी। चौबेपुर केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद चंदौली मा श्री डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय जी जिन्होंने अपनी पहचान एक ऐसे जनसेवक के रूप में स्थापित की है जो निरन्तर जनसेवा एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहते हैं। एक चुने हुए जनप्रतिनिधि के दायित्व बोध को समर्पण एवं सेवा भाव के साथ पुर्ण निष्ठा से निर्वहन करते-करते एक कार्यकर्ता के रुप में 43 वर्षों की यह यात्रा आज विकास के युगपुरुष के अपनी जिम्मेदारिओं पर आगे बढ़ रही है। भारतीय जनता पार्टी एवं विचार धारा परिवार में एक एक मंत्र सभी कार्यकताओं को प्रशिक्षण अभियानों में सिखाया जाता है चरैवेति चरैवेति चरैवेति मतलब चलते जाना है चलते जाना है चलते जाना है।एक दिन परम वैभव के शीर्ष पर विराजमान होना सुनिश्चित होगा। आदरणीय डॉ पाण्डेय जी जिन्होंने 1980 में भाजपा की स्थापना से ही एक कार्यकर्ता के रुप में संगठन के कार्यो को आगे बढ़ाया।एक कहावत हैं कि पुत के पाव पालने में दिख जाते है।1973 में सीएम एंग्लो बंगाली कालेज के छात्र संघ चुनाव में निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित होने के साथ-साथ ही उन दिनों के अखबारों में लगातार सुर्खियों बने रहने के कारण बीएचयू में महामंत्री उसके बाद भाजपा में विभिन्न पदों पर काम करते करते 90 के दशक में राममंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका तथा प्रदेश में पहली गिरफ्तारी का प्रतिफल विधानसभा चुनाव में सैदपुर से लखनऊ पहुंचने की यह यात्रा मध्यांतर विरामों के साथ आज सांसद व केन्द्रीय कैबिनेट में अहम सदस्य के रुप में निरन्तर जारी है।

वैसे तो आदरणीय डॉ पाण्डेय जी ने विकास की अनेक ऐसी योजनाएं क्षेत्र को समर्पित की है जो आम जनजीवन को स्पष्ट रूप से लाभान्वित कर रही है।यह श्रृखंला इतनी लम्बी है कि एक किताब लिखी जा सकती है साथ ही आज चर्चा करने पर जिस विषय पर आप सभी का ध्यान आकृष्ट करना चाहिए वह छूट जायेगा।

**आज शायं 5 बजे भव्य शिलान्यास समारोह के साथ ही विकास के एक नये अध्याय का होगा शुभारम्भ**

**केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद चंदौली डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय की विकास यात्रा का बनेगा महत्वपूर्ण पड़ाव**

### विकास पुरुष डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय जी की पहल पर पर्यटन मंत्रालय द्वारा 20 करोड़ रुपए की परियोजना आज से होगी शुरू

**गंगा पर्यटन उद्योग को मिलेगा बूस्टर डोज**- अध्यात्म, धर्म और संस्कृति की नगरी काशी में जहां एक तरफ भगवान शिव का वास है तो वहीं तथागत गौतम बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली भी यहीं सारनाथ में है। काशी में तुलसीदास की कर्मभूमि से लेकर बाबा कीनाराम की अघोर तपोस्थली भी है। संत कबीर और संत शिरोमणि रैदास ने भी काशी की धरती से दुनिया को समरसता का संदेश दिया है। यही नहीं काशी जैन धर्म का भी प्रमुख तीर्थस्थल है। भगवान पार्श्वनाथ के साथ ही आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु की जन्मस्थली भी वाराणसी में ही है। ऐसे में योगी सरकार अब जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभुजी के चार कल्याणकों (च्यवन, जन्म, दीक्षा और केवलज्ञान) के स्थान का कायाकल्प करने में जुट गई है।

**गाजीपुर रोड पर गंगा किनारे स्थित है पवित्र चंद्रावती गांव**- केन्द्रीय मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पाण्डेय की पहल पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज द्वारा अब चंद्रप्रभु जी की जन्मस्थली चंद्रावती गांव में पक्के गंगा घाट का निर्माण कराया जा रहा है। वाराणसी में इस प्रकार एक नये घाट का निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। इसकी लागत 17 करोड़ रुपए से अधिक है। जीएसटी आदि मिलाकर 20 करोड़ रुपए से ज्यादा की यह परियोजना वाराणसी मुख्यालय से करीब 23 किलोमीटर दूर गाजीपुर रोड पर चंद्रावती गांव में जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभुजी की जन्मस्थली गंगा किनारे है। यहां भगवान चंद्रप्रभुजी का श्वेताम्बर व दिगम्बर जैन मंदिर है।

**हर साल आते हैं यहां लाखों जैन श्रद्धालु**- जैन धर्म को मानने वाले देश-विदेश से हर वर्ष लाखों श्रद्धालु यहाँ आते हैं। घाट के पुनरुद्धार व सुविधाओं के बढ़ जाने से आने वाले समय में ये स्थान तीर्थाटन का बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। आने वाले समय में इस घाट को पानी के रास्ते भी जोड़ने की योजना है। जिससे बोट या क्रूज से पर्यटन यहाँ पहुंच सके। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में पर्यटन के नए केंद्र के रूप में ये जगह विकसित होगी जिसका लाभ पर्यटन उद्योग को भी मिलेगा।

**200 मीटर लंबा होगा घाट, बनाए जाएंगे तीन प्लेटफॉर्म**- भगवान चंद्रप्रभुजी की जन्मस्थली के पास लगभग 200 मीटर लम्बा पक्के घाट का निर्माण हो रहा है, तीर्थयात्रियों की सुविधा और घाट देखने में सुन्दर लगे इस लिए तीन प्लेटफार्म बनाया जा रहा है। घाट से नीचे उतरने के लिए सीढ़ियों होंगी। इसके अलावा पूरे घाट का हेरिटेज लुक होगा। साथ ही गाबियन (GABION) और रेटेशन वाल से घाट तैयार किया जा रहा है, जिससे ये देखने में पुराने घाटों की तरह होगा और बाढ़ में घाट सुरक्षित रहेगा। ये निर्माण पूरी तरह से ईको फ्रेंडली होगा। टॉयलेट ब्लॉक, पोर्टेबल चेंजिंग रूम, साइनेजेस, पार्किंग, हेरिटेज लाइट, बैठने के लिए पत्थर के बने बेंच होंगे और पत्थरों से बनी जालीनुमा खूबसूरत रेलिंग लगाई जाएगी, साथ ही बागवानी भी होगी। पूरे घाट के निर्माण की लागत 17.07 करोड़ है। घाट का निर्माण पूरे होने का वर्ष 2024 तक प्रस्तावित है।

## संक्षिप्त खबरें

### वसुधैव कुटुम्बकम के लिए करें योग रहे निरोग



प्रखर पूर्वान्चल जौनपुर। लोकसभा मछलीशहर के अन्तर्गत विधानसभा मछलीशहर के मंडल निगोह शक्ति केंद्र सरसरा बूथ संख्या 324 सरसरा मे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सफलतम नौ वर्ष पूर्ण होने पर महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सम्मानित कार्यकताओं के साथ योग कर सम्बोधित करते हुए मछलीशहर के सांसद बी पी सरोज व मड़ियाहूं के विधायक डॉ आर के पटेल उपस्थित रहे।

### रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल द्वारा जगन्नाथ रथ यात्रा मेले में प्याऊ का शुभारंभ




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रोटरी क्लब वाराणसी सेंट्रल द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जगन्नाथ रथयात्रा मेले में दर्शनार्थियों के लिए रथयात्रा स्थित कोटक महिंद्रा बैंक के सामने रोटरी पूर्व मंडलाध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं सह मंडलाध्यक्ष अनिकेत गुप्ता द्वारा शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन किया गया` क्लब सचिव अजीत मेहरोत्रा ने बताया काफी वर्षों से राम मोहन अग्रवाल द्वारा प्रत्येक वर्ष प्याऊ संचालित होता है जिससे वाराणसी के आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को लाभ प्राप्त होगा` रोटरी सेंट्रल परिवार के डेढ़ सौ सदस्यों ने सर्वेश अग्रवाल के नेतृत्व में भगवान जगन्नाथ के दर्शन पूजा अर्चना की उसके पश्चात सभी सदस्यों ने बनारसी नाश्ते का प्रसाद ग्रहण किया ` कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज जाजोदिया ने की` कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वेश अग्रवाल,राम मोहन अग्रवाल, अजय गौतम, जीवन खन्ना, संजय गुप्ता ,अनिल जाजोदिया, सतीश बजाज, अवधेश गुप्ता, पवन सिंह, अमित अग्रवाल, अशोक सिंघल, रजत पाठक, अजय खरे,शैलेंद्र नाथ मिश्रा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एनडीआरएफ बचाव कर्मियों ने वाहिनी मुख्यालय और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में किया योगाभ्यास



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मनोज कुमार शर्मा, उपमहानिरीक्षक, 11 एनडीआरएफ, वाराणसी के नेतृत्व में वाहिनी मुख्यालय चौकाघाट में बचावकर्मियों ने पूरी तल्लीनता के साथ योगाभ्यास किया` इस भव्य योगाभ्यास में एनडीआरएफ के अधिकारियों एवं जवानों ने पूरे उत्साह से भाग लिया ` पतंजलि योगपीठ से आये हुये कुशल योग प्रशिक्षक शैलेश बर्नवाल के मार्गदर्शन में बचाव कर्मियों ने विभिन्न प्रकार के आसन और प्राणायाम किए इसके साथ ही एनडीआरएफ के बचावकर्मियों ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में उप कमांडेंट श्री राम भवन सिंह यादव की अगुवाई में विभिन्न संस्थानो और विद्यालयों के बच्चों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया` इस अवसर पर मनोज कुमार शर्मा, उपमहानिरीक्षक ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए बताया कि योग व्यक्ति को शारीरिक सुदृढ़ता और मानसिक स्थिरता प्रदान करता है जिससे तनाव दूर होता है व मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है` योग एवं प्राणायाम के नियमित अभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ एवं निरोगी रह सकते हैं आज के योगाभ्यास के माध्यम से सभी को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया गया और करो योग रहो निरोग की शपथ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### आनन्दम् हैपीनेस थ्रू योगा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस सनबीम शिक्षण समूह के विभिन्न विद्यालयों में 3000 छात्रों, शिक्षकों एवं परिवारजनों की सक्रिय भागीदारी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस बार भी सनबीम शिक्षण समूह वाराणसी ने 9वें अन्तर्राष्टीय योग दिवस 21 जून 2023 पर सनबीम स्कूल वरूणा के प्रांगण में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया` यह कार्यक्रम सहचर्या सहोदया कम्यूनिटी फॉर एक्सीलेन्स एवं योगसूत्र की सहायता से आयोजित किया गया इस अवसर पर करीब 3000 छात्र छात्राओं, शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं उनके परिवार के सदस्यों ने प्रतिभाग किया इस अवसर पर योग से शारीरिक एवं मानसिक लाभ, इसकी उपयोगिता, योग का जीवन में महत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गयी` आयुष मंत्रालय द्वारा दिए गए योग के प्रोटोकॉल में शामिल योग के लगभग सभी अंगों का अभ्यास कराया गया जिसमें सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, त्रिकोणासन, उष्ट्रासन, भुजंगासन, शलभासन, नौकासन, धनुरासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अनुलोम विलोम प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम जैसे अभ्यास शामिल थे` योग शिविर का आयोजन प्रख्यात योग प्रशिक्षिका पुष्पाजंलि शर्मा (निदेशिका-योगसूत्र) के मार्गदर्शन में किया गया` सनबीम स्कूल वरूणा व सनबीम वीमेन्स कालेज वरूणा के छात्र एवं छात्राओं ने इस कार्यक्रम में सहयोग देते हुए लोगो को योग के आसनों को करने में सहायता प्रदान की लोगो ने छात्राओं के इस सहयोग की बहुत प्रशंसा की` सनबीम शिक्षण समूह वाराणसी की निदेशिका अमृता बर्मन और सनबीम स्कूल वरूणा की प्रधानाचार्या डॉ अनुपमा मिश्रा, एकेडेमिक हेड्स, सपोर्ट स्टाफ सभी लोग इस अवसर पर उपस्थित थे और सभी ने इस योगाभ्यास में हिस्सा लिया कुल मिलाकर यह कार्यक्रम अंत्यन्त ही सफल आयोजन रहा` इस कार्यक्रम में सहचर्या सहोदया कम्यूनिटी फॉर एक्सीलेन्स के सदस्य स्कूल भी सम्मिलित रहे जैसे श्रीराम कान्वेन्ट स्कूल, आशापुर, जीवन ज्योति एवं सेन्ट मेरीज, सोनातालाब इत्यादि जितने भी लोग प्रस्तुत थे सभी ने योग दिवस पर होने वाले प्रोग्राम की सराहना की` विद्यालय की प्रिंसिपल ने उपस्थिति जनों को योग द्वारा स्वस्थ जीवन जीने की शुभकामनाऐं दी।

# बच्चों के लिए भी जरूरी है योगाभ्यास

बदलते लाइफस्टाइल के चलते बुजुर्ग ही नहीं, बल्कि बच्चे भी कई गंभीर समस्याओं के शिकार हो रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि योग से अपने तन मन को स्वस्थ रखा जा सकता है। अगर हम अपने बच्चों को बचपन से ही योग करने की आदत डालते हैं, तो उनके कई खतरनाक बीमारियां दूर रहेंगी। नियमित रूप से योग करने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास काफी अच्छा रहेगा। इसलिए योग सिर्फ व्यस्कों और बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि बच्चों को भी नियमित रूप से करना चाहिए। लेकिन बच्चों को योग कराते समय ध्यान देने की आवश्यकता होती है। आइए जानते हैं बच्चों को योग कराना कितना है जरूरी और उन्हें योग कराते समय किन बातों का ख्याल रखना चाहिए।

**बच्चों के लिए योग**

सबसे पहले बच्चों के बैठने का तरीका देखें, उन्हें योग के आसन पर कमर सीधी करके बैठने के लिए कहें।

खड़े होने वाले योगासन में एकदम सीधा खड़ा होने के लिए कहें।

योग के दौरान बच्चों को लंबी सांस लेने के लिए कहें, इससे योग का भरपूर लाभ उन्हें मिलेगा।

योग कराते समय बच्चों को बीच-बीच में योग के महत्व और फायदे बताएं।

बच्चों को योग कराते समय उच्चारण कराएं, इससे वे मनोरंजन का एहसास करेंगे।



अगर हम अपने बच्चों को बचपन से ही योग करने की आदत डालते हैं, तो उनसे कई खतरनाक बीमारियां दूर रहेंगी। नियमित रूप से योग करने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास काफी अच्छा रहेगा।

**बच्चों के लिए योग के फायदे**

योग करने से बच्चे अधिक सक्रिय बनते हैं। इतना ही नहीं, इससे उनका शरीर लचीला बनता है। इससे



इम्यूनिटी मजबूत होती है और इससे हम कई बीमारियों से बच पाते हैं।

योग करने से बच्चों का ध्यान केंद्रित होता है और इससे बच्चों के मस्तिष्क का विकास अच्छे तरीके से होता है।

इससे बच्चे आत्मनिर्भर और एक्टिव रहते हैं।

मौसमी बीमारियों से बचे रहते हैं।

मेडिटेशन और सूर्य नमस्कार करने से चंचल बच्चों का मन शांत होता है।

योगासन से बच्चे तनावग्रस्त और डिप्रेशन जैसी समस्याओं से बचते हैं।

**योग के दौरान ध्यान रखने योग्य बातें**

योगासन कराते समय बच्चों का पेट खाली होना चाहिए।

सप्ताह में कम से कम 5 दिन बच्चों को योग जरूर कराएं।

बच्चों को एक साथ अधिक एक्सरसाइझ ना कराएं, बल्कि धीरे-धीरे योगाभ्यास करवाएं। जैसे शुरू के सप्ताह में सिर्फ 15 मिनट, दूसरे सप्ताह में 30 मिनट तक योग कराएं।

योग के दौरान बच्चों को बीच-बीच में रिलैक्स करने के लिए कहें। ●



# बुजुर्गों के लिए योगासन

## जो उन्हें रखेगा फिट एंड फाइन

महिलाएं हों या पुरुष, बच्चे हों या बुजुर्ग, सभी के लिए फिट रहना जरूरी है। फिटनेस न सिर्फ हमें बीमारियों से दूर रखती है, बल्कि रोजमर्रा के कामों में बेहतर योगदान और प्रदर्शन करने में भी मदद करती है, लेकिन लोगों को या खुद बुजुर्गों को लगता है कि उम्र बढ़ने की वजह से या मसल्स कमजोर हो जाने की वजह से वे एक्सरसाइज या योगा नहीं कर सकते, लेकिन यह जानकारी बिलकुल भ्रामक है, बुजुर्ग भी योगा या एकसरसाइज कर सकते हैं। बल्कि, आज हमारे सामने ऐसे कई उदाहरण हैं, जो ज्यादा उम्र में भी मस्कुलर बॉडी या फिट बॉडी के मालिक हैं। हालांकि, डॉक्टरों या फिटनेस एक्सपर्ट्स द्वारा बुजुर्गों के लिए योगासन या एक्सरसाइज से संबंधित कुछ सावधानियों को बरतने के बारे में बताया गया है।





*भुजंगासन*

*भुजंगासन करने से बुजुर्गों के शरीर में रक्त प्रवाह सुधरता है और उनकी कमर और कंधों की मसल्स को मजबूती मिलती है। इससे वह काफी ऊर्जावान महसूस करते हैं।*

**बुजुर्गों के लिए आसान योगासन**

**त्रिकोणासन**

त्रिकोणासन काफी प्रभावशाली और आसान योगासन है, जिसे बुजुर्ग आसानी से कर सकते हैं। बुजुर्गों के लिए योगासन में यह आसन इसलिए भी शामिल किया गया है, क्योंकि यह उनमें आमतौर पर होने वाली कूल्हों की दिक्कत और दर्द को दूर करने में मदद करता है।

**कटिचक्रासन**

यह आसन शरीर को सीधा रखने में मदद करता है, क्योंकि इससे स्पाइन सीधी रहती है। इसके अलावा, यह हाथों और पैरों की मसल्स को मजबूती प्रदान करता है।

**बद्धकोणासन**

बुजुर्गों के लिए योगासन में यह आसन उनकी बॉवेल मूवमेंट को सुधारता है और पाचन क्रिया मजबूत करता है। इसके अलावा, इस आसन से जांघ, घुटने की मसल्स स्ट्रेच होती हैं और जोड़ों के दर्द में आराम मिलता है।

**शिशुआसन**

शिशुआसन शरीर के नर्वस सिस्टम को आराम देता है और कमर की मसल्स को आराम पहुंचाता है, जिससे कमर दर्द में भी राहत मिलती है।

**शलभासन**

यह योगासन बुजुर्गों की गर्दन और कमर की मसल्स को मजबूत फ्लैक्सिबल बनाता है और उनकी पाचन क्रिया सुधारता है। ●





# 50 की उम्र के बाद भी दिखना

## चाहती हैं स्टाइलिश, फॉलो करें ये टिप्स

आज से कुछ सालों पहले अगर आप लेटेस्ट चीजें पहनते थे तो उसे स्टाइल कहा जाता है, लेकिन अब यह ट्रेंड बदल चुका है। हर किसी को अलग और सुंदर दिखने की चाह होती है, हर कोई फैशन करना चाहता है, और इसके लिए लोग नए नए तरीके अपनाते हैं। अब अगर आप कुछ डिफरेंट करते हैं या फिर कुछ अगल सा दिखने वाला तरीका अपनाते हैं तो उसे स्टाइल कहा जाता है। फैशन करना हर किसी को भाता है लेकिन बढ़ती उम्र के साथ साथ यह मुश्किल हो जाता है कि आप कैसे अलग दिखें। वयस्क लोगों के लिए फैशनेबल ट्रेंड को फॉलो करना बेहद मुश्किल होता है। अगर आप एक ऐसी महिला हैं जिनकी उम्र 50 से अधिक है तो आप कुछ तरीकों को अपनाकर सैकड़ों लोगों की भीड़ में बेहद आसानी से नजर आ सकती हैं।

**यूज करें रेड लिपस्टिक**

बोल्ड लुक आपके फैशन को हॉलीवुड इफेक्ट देता है। अगर आप अपने फैशन में रेड लिपस्टिक को जगह देते हैं तो ये आपके लुक को कई गुना अट्रैक्ट बना देगा। रेड लिपस्टिक जहां आपके चेहरे की रौनकता को बढ़ाती है वहीं ये आपके दातों को सफेद दिखने में भी मदद करती है। बस आपको इसे अपने शेड के अनुसार सही से अप्लाई करना आना चाहिए।

**नेकलेस का इस्तेमाल करें**

आपने अक्सर पार्टियों में सेलिब्रिटी लोगों को बड़े-बड़े नेकलेस पहने हुए देखा होगा, यह भी आपके लुक को निखारता है। स्टाइलिश नेकलेस अक्सर लोगों की नजरों में अक्सर बड़ी ही आसनी से आ जाता है। अगर आप भी स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो आप के पास कुछ बड़े और गुड लुकिंग नेकलेस का होना जरूरी है। आप नेकलेस की जगह 2-3 हल्की जंजीर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**सफेद पैंट पहने**

ब्लैक पैंट काफी पुराना फैशन है। अगर आपको हजारों की भीड़ में अलग दिखना है तो आप काले पैंट की जगह पर सफेद पैंट का चुनाव कर सकते हैं। आप सफेद जींस या फिर फैले हुए चौड़े पैंट का इस्तेमाल अपने न्यू लुक के लिए कर सकते हैं। आप काले रंग के टॉप और जूते के साथ सफेद रंग के पैंट को अपने सेट में शामिल कर सकते हैं।

**सफेद शर्ट या ब्लाउज**

स्टाइलिश सेट में सफेद सेटका होना बहुत जरूरी है। सफेद शर्ट या फिर ब्लाउज आपको एक अट्रैक्ट करने वाला लुक देता है। इसके अतिरिक्त आप अपने सेट में कुछ ओवर साइज की सफेद टी-शर्ट या फिर ब्लाउज को भी शामिल कर सकते हैं। सफेद रंग आपको एक्टिव रखता है और साथ ही आपकी थकान को भी दूर करने में मदद करता है। इससे आप लोगों के बीच अच्छी तरह से शामिल हो सकते हैं।

**जींस को एक्सेसराइज करना**

आज से जहां कुछ वर्षों पहले कसी और टाइट जींस का जमकर क्रेज था वहीं अब फैशन के तौर पर लोग ढ़ीली जींस पहनना पसंद करतें हैं। अगर आप एक 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिला हैं तो आप अपने सेट पर कुछ ऐसी जींस को शामिल कर सकती हैं जो थोड़ी चौड़ी हों। इसके साथ ही आप जींस को थोड़ा छोटा करना सकते हैं यह भी आपके स्टाइलिश लुक को काफी बढ़ाएगा।

**स्टाइलिश जूते-सैंडल पहनें**

आपके फुटवियर एक ऐसी चीज है जिस पर सबकी नजर रहती है। अगर आपको मॉर्डन फैशन ड्रेंट के अनुसार चलना है तो इस पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। जिस तरह से लाल रंग की लिपस्टिक आपके चेहर की रौनकता को बढ़ाती है ठीक उसी प्रकार लाल रंग के जूते भी आप फैशन लिस्ट पर शामिल कर सकती है। यह आपके ओवरऑल लुक को अट्रैक्ट बनाएंगे। ●

## जीवन का अनुभव

# मां-बाप की जीवन में अहम भूमिका

अपने जीवन का अनुभव शेयर करना चाहूंगा कि मां का और पिता श्री का अनुभव। जब मैं बचपन में दो वर्ष में मां को खोने पर उनकी कमी को महसूस किया और मुझे अनुभव हुआ कि जीवन में मां कितनी जरूरी है जो हर मुसीबत में आशीर्वाद एवं दुआ देती है पर मां के जाने के बाद पिता ने मां का फर्ज निभाया कम नहीं था। प्रात: स्मरणीय स्वर्गीय मेरें पिता श्री भगत नारायण दास जी कवातरा मैं आपका सुपुत्र डी एन कवातरा आपको कोटि- कोटि नमन करता हुआ। उन दिनों को याद करता हूं कि जब



मैं दो वर्ष की आयु का केवल था मेरी जन्म देने वाली मां मुझे इस दुनिया को छोड़ कर चली गई और आपने मां का साया बनके ठण्डी छाया देते हुए मां का वात्सल्य, स्नेह देते हुए मेरा भरण पोषण करते हुए अच्छे संस्कार देते हुए पाला पोसा। मुझे पूरा मां का प्यार दुलार देते हुए मुझे Post Graduation की शिक्षा दिलवाकर एक शिक्षक के रूप में कार्यरत करवाया। यह पूर्ण रूप से आपने मां का फर्ज निभाया। आपने मां और पिता का रोल भरपूर निभाया। कोटि- कोटि नमन करते हुए चंद पंक्तियां आपको याद करते हुए पिता की महानता पर कहना चाहूंगा-

पिता धरती सा धीरज और आसमान से ऊंचाई है,
जिन्दगी को तरस के खुदा ने यह तस्वीर बनाई है,
हर दु:ख वो बच्चों का खुद पे वह सह लेते हैं,
उस खुदा की प्रतिमा को हम पिता कहते हैं।
खुशियों से भरा हर पल होता है,
जिन्दगी में सुनहरा हर कल होता है,
मिलती है कामयाबी जिनके सिर पर
पिता का हाथ होता है,
नसीब वाले होते हैं वो जिनके सिर पर पिता का हाथ होता है
जिद पूरी हो जाती है सब जब पिता का साथ होता है।
पिता रोटी, कपड़ा और मकान है,
पिता नन्हे से परिंदे का ऊंचा आसमान है,
पिता है तो घर में हर पल राज है
पिता से मां की बिन्दी चूड़ी और सुहाग है
पिता है तो बच्चे के सब सपने अपने हैं
और सब बाजार के खिलौने उस के अपने हैं।

●डी एन कवातरा
को हैड गुडगांव शाखा

# बड़ों से मिलते हैं संस्कार

अच्छे संस्कारों की दौलत कोईख़ुरा नहीं सकता। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हमारा बच्चा संस्कारवान हो। यदि किसी घर को सभी ओर से भली-भांति बंद कर दिया जायें तो एक वर्ष बाद खोलने पर उसमें कहीं न कहीं धूल, मिट्टी आकर जम जायेगी और आठ-दस वर्ष बाद घर खोलेंगे तो शायद इतनी धूल-मिट्टी हो जायेगी कि उसमें प्रवेश करना भी मुश्किल हो जायेगा। वास्तव में धूल सूक्ष्म छिद्रों के साथ प्रवेश करती है। धूल और बुराई की फितरत एक जैसी है। बुराई भी धूल की तरह व्यक्ति में कहीं न कहीं जाने-अनजाने में गलती होने पर अपनी जगह बना लेती है। ठीक उसी प्रकार हमारे बच्चों में बचपन की छोटी-छोटी बातों का प्रभाव उनके कोमल चित पर पड़ता है। यही छोटी-छोटी घटनाएं उनके चरित्र का निर्माण करती हैं। हम उनके सामने कैसा व्यवहार कर रहे हैं। उसका उदाहरण हमारे जानकार का है। वे बच्चों के साथ सर्कस देखने गए। सर्कस में सात वर्ष के ऊपर के बच्चे का टिकट था अत: उन्होंने बच्चे को समझा दिया कि बेटा कोई तुम्हारी आयु पूछे तो साढ़े छ: वर्ष ही बताना। बेटे ने कहा बापू मैं तो आठ वर्ष का हूं तब पिता ने डांटते हुए कहा कि जैसे कहा वैसे ही करो। बच्चे ने झूठ बोलकर सर्कस देख ली। बापू ने उसकी पीठ थपथपाई। आज तूने 25रु बचा लिए। अब हमने बच्चे को क्या शिक्षा दी ? बच्चे ने दिमाग में यह सोच लिया कि पैसे बचाने के लिए झूठ बोलना उचित है। वास्तव में प्रत्येक बच्चा माता-पिता की कार्बन कॉपी होता है। अच्छा-बुरा, झूठ-कपट वह अपने माता-पिता से ही सिखता है। जब कोई बच्चा बिगड़ जाता है तो माता-पिता यही कहते हैं कि हमने बच्चे की संगति गलत नहीं होने दी, केवल पढ़ाई पर ही ध्यान दिया। अधिकांश बच्चों के आदतों के पीछे माता-पिता का हाथ होता है। माता-पिता का कर्त्तव्य है कि पहले स्वयं को सुधारें। बच्चों अच्छे संस्कारों की दौलत दें। जो उनके जीवन निर्माण में सहायक हो।



●अंजला वधवा
सदस्य मॉडल टाउन शाखा




# ब्रह्मांड की अदृश्य शक्ति का पता लगाने एक और नया मिशन...

**नई दिल्ली।** दुनिया में पदार्थ यानी मैटर के पांच तरह के प्रकार होते हैं। लिक्विड, गैस, प्लाज्मा, बोस-आइंस्टीन कंडेंनसेट और बदलते प्रकार वाला पदार्थ। इन सबसे रोशनी निकलती है या अबजॉर्ब होती है। इन्हें देखा जा सकता है। महसूस किया जा सकता है, लेकिन अब वैज्ञानिक ऐसे पदार्थ की खोज करने जा रहे हैं, जो न दिखता है, न मिलता है, लेकिन मौजूद है। उस पदार्थ को कहते हैं डार्क मैटर। वैज्ञानिकों का मानना है कि पूरा ब्रह्मांड इसी पदार्थ से जुड़ा है। इसी की ऊर्जा से चल रहा है। अब इसे खोजने के लिए यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने नया मिशन तैयार किया है, जिसका नाम है यूक्लिड मिशन। इसके तहत अंतरिक्ष में एक यूक्लिड टेलिस्कोप लॉन्च किया जाएगा।

### क्या है डार्क मैटर

यूक्लिड टेलिस्कोप डार्क मैटर की खोज करेगा। इसी डार्क मैटर से ब्रह्मांड बना है। यह सिर्फ डार्क मैटर की ही खोज नहीं करेगा, बल्कि डार्क एनर्जी की भी खोज करेगा। डार्क मैटर शब्द 1998 में दिया गया था, जब यह पता चला था कि ब्रह्मांड को इसी ने बनाया है। ब्रह्मांड के 80 फीसदी हिस्से में डार्क मैटर है, जिसकी डार्क एनर्जी से सारी आकाशगंगाएं, ग्रह और सौर मंडल आपस में जुड़े हुए हैं। हैरानी की बात ये है कि डार्क मैटर और डार्क एनर्जी दोनों ही अदृश्य हैं। वैज्ञानिकों ने इनका होना सिर्फ इस बात से पुख्ता किया है, क्योंकि इनका असर ग्रहों और आकाशगंगाओं के बदलाव पर दिखता है।



### स्पेसएक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट के साथ भरेगा उड़ान

यूक्लिड को पिछले साल रूसी सोयूज रॉकेट से लॉन्च करने की तैयारी थी, लेकिन यूक्रेन पर हमले के बाद यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने रूस से सभी वैज्ञानिक संबंध खत्म कर दिए। अब यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने इस टेलिस्कोप को स्पेसएक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट से छोड़ने का समझौता किया है। संभवत: इसकी लॉन्चिंग 1 जुलाई 2023 को हो सकती है।


### धरती से 15 करोड़ किलोमीटर दूर रहेगा तैनात

यूक्लिड टेलिस्कोप सौर मंडल को पार करेगा। पार करने के बाद वह धरती से करीब 15 करोड़ किलोमीटर दूर रहेगा। इस दूरी को सेकेंड लैरेंज प्वाइंट कहते हैं। वहां से बैठकर यह टेलिस्कोप हमारे गहरे अंतरिक्ष में सूरज, धरती, चंद्रमा जैसे अन्य ग्रहों की खोजबीन करेगा। इस टेलिस्कोप का वजन 2 टन है। इसकी ताकत हबल टेलिस्कोप से भी ज्यादा है।

### एक साथ तीनों आयामों का मिलेगा नक्शा

यूक्लिड टेलिस्कोप रात में भी अंतरिक्ष में गहरी निगरानी कर सकता है। यह एकसाथ तीनों आयामों का नक्शा बना सकता है। यानी हमारे पास स्टडी करने के लिए तीन डायमेंशन होंगे। ऐसी सटीकता से ही डार्क मैटर और एनर्जी के बारे में पता किया जा सकता है।

## मणिपुर में कुकी जनजाति ने मांगा आर्मी प्रोटेक्शन



सुप्रीम कोर्ट ने जल्द सुनवाई से इनकार किया, कहा- यह कानून-व्यवस्था का मामला

**इंफाल।** मणिपुर में 03 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर हिंसा जारी है। इस बीच कुकी जनजाति को आर्मी प्रोटेक्शन देने की मांग वाली याचिका पर जल्द सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। जस्टिस सूर्यकांत और एम एम सुंदरेश की वेकेशन बेंच ने कहा- राज्य में हिंसा कानून-व्यवस्था का मामला है।

कुकी जनजाति को आर्मी प्रोटेक्शन देने वाली याचिका पर हम 03 जुलाई को सुनवाई करेंगे। यह याचिका हलह्न मणिपुर ट्राइबल फोरम ने लगाई है। इस बीच मणिपुर हाई कोर्ट ने 27 मार्च को दिए गए अपने फैसले पर रिव्यू पिटीशन स्वीकार कर ली है। उस आदेश में कोर्ट ने राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को एसटी में शामिल करने की सिफारिश का निर्देश दिया था।

## बंगाल पंचायत चुनाव में सेंट्रल फोर्स तैनात होगी

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दिया निर्देश, कहा- हाईकोर्ट के फैसले में दखल नहीं देंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में 08 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव में सेंट्रल फोर्सेस की तैनाती का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने बंगाल सरकार और राज्य चुनाव आयोग की याचिका भी खारिज कर दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस मनोज मिश्रा की वेकेशन बेंच ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए कहा- बंगाल में चुनाव के दौरान हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। हिंसा के साथ चुनाव नहीं हो सकते। राज्य सरकार और चुनाव आयोग को सेंट्रल फोर्स की तैनाती पर क्या एतराज है।

कोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग से कहा- स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना आपकी जिम्मेदारी है। फोर्स कहां से आएगी, इसकी चिंता आपको नहीं करनी है। ऐसे में आपकी याचिका तो सुनने लायक ही नहीं है। कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी।

# लिंग तय करने के लिए धार्मिक प्रवचन और सलाह देना पहली नजर में अपराध

**कीर्तनकार ने लड़का पाने के लिए सम तिथियों पर संबंध बनाने को कहा था**



गर्भ धारण करने और बच्चे का लिंग तय करने के लिए धार्मिक प्रवचन देना पहली नजर में कानून अपराध है। बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच ने यह टिप्पणी करते हुए मराठी कीर्तनकार निवृत्ति काशीनाथ देशमुख इंदौरीकर के खिलाफ दर्ज केस को खारिज करने से इनकार कर दिया है।

**औरंगाबाद**

मराठी कीर्तनकार इंदौरीकर ने 4 जनवरी, 2020 को अहमदनगर में प्रवचन के दौरान गर्भ में आने वाले बच्चे के लिंग निर्धारण की सलाह दी थी। उन्होंने कहा कि कोई जोड़ा सम तिथियों (हिंदू कैलेंडर के अनुसार) में शारीरिक संबंध बनाए तो गर्भ में लड़का आएगा और विषम (ऑड) तिथियों में संबंध बनाने पर लड़की आएगी। कीर्तनकार देशमुख ने अपना प्रवचन यूट्यूब पर भी अपलोड किया था। इस प्रवचन के लिए पर अंधविश्वास विरोधी संगठन 'अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति' ने कीर्तनकार के खिलाफ संगमनेर सेशन कोर्ट में शिकायत की। इसमें कहा गया कि इस तरह की सलाह देने से लोगों में अंधविश्वास फैलता है। इसलिए सलाह देने वाले को सजा मिलनी चाहिए।

शिकायत के साथ ही अहमदनगर जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर माधवराव भावर की रिपोर्ट भी लगाई जिसमें कहा गया था कि मेडिकल साइंस कीर्तनकार देशमुख की सलाह की पुष्टि नहीं करता। याचिका में कीर्तनकार के खिलाफ प्री-कंसेप्शन एंड प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक्स एक्ट 1994 के तहत केस दर्ज करने की मांग की गई। तीन जुलाई 2020 को केस दर्ज कर लिया गया।

### सेशन कोर्ट ने केस खारिज कर दिया था

सेशन कोर्ट में इस पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केस खारिज करते हुए कहा कि कीर्तनकार देशमुख ने लैबोरेटरी या लिंग जांच केंद्र का कहीं जिक्र नहीं किया, इसलिए उनके खिलाफ पीसीपीएनडीटी एक्ट में केस नहीं बनता। फैसले के खिलाफ समिति ने हाईकोर्ट में अपील की थी। हाईकोर्ट ने कहा कि देशमुख के प्रवचन में दी गई सलाह भ्रूण लिंग जांच के विज्ञापन जैसी है। विज्ञापन या प्रचार शब्द केवल डायग्नोस्टिक सेंटर या क्लिनिक तक सीमित नहीं किए जा सकते। बल्कि ऐसे प्रवचन जो भ्रूण लिंग की जानकारी देते हैं वह भी इसमें शामिल हैं। इसलिए कीर्तनकार देशमुख पर मुकदमा चलाना चाहिए।

### यह है पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994

देश में घटते सेक्स रेश्यो और कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए केंद्र सरकार ने 1994 में एक एक्ट लागू किया था। इसे प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक्स एक्ट कहा जाता है। इसके तहत गर्भ में बच्चे के लिंग की जांच करना अपराध घोषित किया गया। 14 फरवरी 2003 में इस एक्ट को बेहतर बनाने के लिए इसमें संशोधन किया गया। तब से इसे पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 कहा जाता है। इसके तहत अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले जोड़े या करने वाले डाक्टर, लैब कर्मी को तीन से पांच साल की सजा और 10 से 50 हजार जुर्माने का प्रावधान है।

## सात बोरियों में 55 हजार के सिक्के लेकर पहुंचा पति

### पत्नी ने कहा- यह प्रताड़ना है, गुजारे की रकम नहीं

**जयपुर।** जयपुर के कोर्ट में एक युवक 07 बोरियों में 55 हजार रुपए के सिक्के लेकर पहुंचा। कोर्ट के आदेश पर उसे यह रकम अपनी पत्नी के भरण-पोषण के लिए देनी थी। इतने सारे सिक्के देख पत्नी नाराज हो गई और इसे मानसिक उत्पीड़न करार दिया। जवाब में पति दशरथ कुमावत ने कहा- ये भारत की वैध मुद्रा है, इसे स्वीकार किया जाए। कोर्ट ने पति को आदेश दिया कि सिक्कों की गिनती कराकर 1-1 हजार रुपए की थैलियां बनाकर पत्नी को दें। केस की अगली सुनवाई 26 जून को है। सिक्कों के इन कट्टों का वजन करीब 280 किलो के आसपास था। कोर्ट ने पति को आदेश दिया कि इन्हें गिनकर एक-एक हजार रुपए की थैलियों में रखकर पत्नी सीमा कुमावत को सौंपे।

## भारत के दुश्मन आतंकवादी मीर को चीन ने फिर बचाया

**26/11 के आरोपी को ग्लोबल टेररिस्ट बनने से रोका**

**नई दिल्ली।** चीन ने आतंकी साजिद मीर को ग्लोबल टेररिस्ट की लिस्ट में डालने पर अड़ंगा लगा दिया है।

मीर को इस लिस्ट में डालने भारत व अमेरिका ने प्रस्ताव दिया था, लेकिन चीन ने इस पर वीटो लगाया है। मीर मुंबई में हुए 26/11 के हमलों में वांटेड और लश्कर का खूंखार आतंकवादी है। चीन ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी साजिद मीर को ग्लोबल टेररिस्ट के तौर नॉमिनेटेड करने भारत और अमेरिका के प्रस्ताव पर अड़ंगा लगाया। बीजिंग ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत वैश्विक आतंकवादी के रूप में मीर को ब्लैक लिस्ट करने और उसकी संपत्ति जब्त करने, यात्रा प्रतिबंध और हथियार प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका द्वारा पेश किए गए और भारत द्वारा सह-नामित किए गए प्रस्ताव पर वीटो लगाया।

## गहलोत ने किया बिपरजॉय प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वे



**जयपुर, (ब्यूरो)।** राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को बाड़मेर जिले में बिपरजॉय चक्रवात से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वे किया। श्री गहलोत ने जिले के चौहटन, धनाऊ और आसपास के क्षेत्रों में सर्वे करने के बाद प्रभावितों से मुलाकात भी की। मुख्यमंत्री ने प्रभावितों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा बिपरजॉय को गंभीरता से लेकर पूर्व में ही तैयारियां कर ली गई थीं। हालांकि कच्चे मकानों, पशुओं और विद्यालय भवनों को नुकसान हुआ है। मौसम विभाग के अधिकारियों के साथ लगातार समन्वय रखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में सर्वेक्षण कराकर नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। श्री गहलोत ने कहा कि 15 हजार से अधिक लोगों को बिपरजॉय आने से पूर्व ही शिफ्ट किया गया था। साथ ही लगभग दो हजार लोगों को बचाव टीमों द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

### आज का इतिहास

- **1756:** जॉन जेड हॉलवेल के नेतृत्व वाली अंग्रेज सैन्य टुकड़ी ने बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- **1768:** चिकित्सा विज्ञान में स्नातक की डिग्री हासिल करने वाले जॉन आर्चर पहले अमेरिकी बने।
- **1834:** अमेरिकी अविष्कारक और व्यवसायी साइरस हॉल मैककॉर्मिक कटाई मशीन का पेटेंट किया।
- **1862:** ज्ञानेंद्र मोहन टैगोर 'लिंकन्स हिल्स' से वकालत की डिग्री हासिल करने वाले पहले भारतीय बने।
- **1911:** जहाज आरएमएस ओलंपिक ने पांच दिन, 16 घंटे और 42 मिनट की यात्रा के बाद न्यूयॉर्क में अपनी पहली ट्रान्साटलांटिक यात्रा पूरी की।
- **1948:** सी. राज गोपालाचारी भारत के अंतिम गर्वनल जनरल बने।
- **1953:** पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो को जन्म।

## भाजपा एमपी बोले- मैंने सांसद निधि से बनाया घर

**बेटे की शादी भी की, पहले के सांसदों ने पूरा फंड निजी कामों में खर्च किया**

**हैदराबाद।** तेलंगाना के भाजपा सांसद सोयम बापू राव ने स्वीकार किया है कि उन्होंने सांसद निधि का इस्तेमाल निजी कामों में किया है। सोयम बापू ने कहा- फंड में 2.5 करोड़ रुपए आए, जिसमें से कुछ रकम क्षेत्र के पार्षदों को दी।

मेरे पास निर्वाचन क्षेत्र में घर नहीं था, इसलिए मैंने फंड से अपना घर बनाया। इसी पैसे से मैंने बेटे की शादी भी की। भाजपा सांसद ने कहा कि पहले कई सांसदों ने पूरा फंड अपने निजी कामों में खर्च किया, लेकिन आज पार्टी के कुछ नेता मेरी आलोचना कर रहे हैं। शायद उन्हें पता नहीं है कि मुझसे पहले अन्य लोगों ने इस फंड का किस तरह इस्तेमाल किया।

### सांसद निधि क्या है?

यह साल 1993 में शुरू हुई योजना है, जिसमें सांसदों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास के लिए फंड दिया जाता है। शुरुआत में सांसद को 5 लाख रुपए दिए जाते थे। 1994-94 में सांसद निधि योजना में खर्च की सीमा एक करोड़ रुपए की गई थी। वहीं, 1989-99 में इसे बढ़ाकर 2 करोड़ और 2011-12 में पांच करोड़ रुपए सालाना कर दिया गया।


**Filmi तड़का**

## कंगना रनौत प्रोडक्शन की पहली फिल्म 'टिकू वेड्स शेरू' 23 को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम



**मुंबई।** बॉलीवुड की 'क्वीन' कंगना रनौत के प्रोडक्शन में बनी पहली फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' इन दिनों चर्चा में है। कंगना रनौत ने अपने बैनर मणिकर्णिका फिल्म के तहत 'टीकू वेड्स शेरू' के साथ अपने प्रोडक्शन की शुरुआत की। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अभिनेत्री अवनीत कौर के प्यार और जुनून की एक विचित्र कहानी है, जो अपने साझा सपनों की खोज में समय की कसौटी पर खरे उतरते हैं।

कंगना ने कहा कि सेट पर कोई भी अभिनेता आता है, चाहे उनकी भूमिका कितनी भी बड़ी या छोटी क्यों न हो, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि उनसे सम्मान से व्यवहार हो, उन्हें उनकी तर्ज पर काम करने में मदद करने के लिए एक उचित स्क्रिप्ट प्रदान की जाए, क्योंकि सेट पर जो भी आ रहा है, उसने फिल्म में निवेश किया है, यह मायने नहीं रखता कि यह ज्यादा है कम है। साई कबीर श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित, यह फिल्म 23 जून को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।



## जुबिन नौटियाल का गाना 'पहली बारिश में' रिलीज

**मुंबई।** टीवी अभिनेता गुरमीत चौधरी और अभिनेत्री करिश्मा शर्मा अभिनीत जुबिन नौटियाल का मंत्रमुग्ध कर देने वाला गीत पहली बारिश में... मंगलवार को रिलीज किया गया। जुबिन द्वारा गाया और गुरप्रीत सैनी तथा गौतम जी शर्मा द्वारा लिखित यह गाना सादगी और प्यार की गहराई को दर्शाता है। रोचक कोहली द्वारा रचित, वीडियो ब्रेन्स द्वारा निर्देशित संगीत वीडियो, बारिश से भीगे परिवेश के बीच प्यार के जादू को खूबसूरती से प्रदर्शित करता है।

जुबिन ने कहा कि बारिश का अपना आकर्षण है और हमेशा प्यार और रोमांस से जुड़ा रहा है। पहली बारिश में... सीजन के पीछे के जुनून और भावनाओं को दर्शाता है। गुरमीत ने साझा किया कि पहली बारिश में रोमांस की भावना को जगाता है और इसे दर्शाने के लिए मानसून से बेहतर समय क्या हो सकता है। मैं बरसात की धुन के बाद एक ही टीम के साथ काम करके बहुत खुश हूं और मुझे यकीन है कि यह भी हिट होगा। करिश्मा ने कहा कि इस गाने की शूटिंग करना वास्तव में आनंददायक था। मैं इस मंत्रमुग्ध कर देने वाले गीत का अनुभव करने के लिए दर्शकों का इंतजार नहीं कर सकती।



# टी विशाल ने भारत को दिलाया स्पेशल ओलंपिक में पहला पदक

## पावरलिफ्टिंग में स्क्वाट, डेडलिफ्ट, बेंच प्रेस और संयुक्त प्रतियोगिता में जीता रजत

**बर्लिन।** पुडुचेरी के टी विशाल ने 2023 स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों में पावरलिफ्टिंग में रजत जीतकर पदक तालिका में भारत का खाता खोल दिया है। इस 16 वर्षीय भारोत्तोलक ने सोमवार को पुरुषों की स्क्वाट प्रतियोगिता (122.50 किग्रा), डेडलिफ्ट प्रतियोगिता (155 किग्रा), बेंच प्रेस (85 किग्रा) और संयुक्त प्रतियोगिता में रजत जीतकर प्रतियोगिता में भारत को पहला पदक दिलाया।

### माता-पिता ने किया प्रोत्साहित

अपने माता-पिता द्वारा खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किए जाने पर विशाल ने पैरालिंपिक खेलों को देखकर एथलीट बनने का फैसला किया था। उन्होंने तुरंत अपने माता-पिता से एक कोच खोजने के लिए कहा जो उन्हें तकनीक और खेल की अनिवार्यता सिखा सके। विशाल के पिता को जब स्पेशल ओलंपिक भारत के बारे में पता चला तो उन्होंने कोच और स्पेशल ओलंपिक भारत की स्थानीय निदेशक से बात करके उन्हें संस्था में भर्ती करवाना चाहा। विशाल की मां हालांकि यह स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थीं कि उनका बेटा एक विशेष एथलीट है।

### स्विमिंग में भारत के 6 खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे



स्विमिंग सेमीफाइनल में उतरे 11 में से 6 खिलाड़ियों ने फाइनल में अपनी जगह बनाई। पुरुषों में माधव मदान (25 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, लेवल ए और 25 मीटर फ्रीस्टाइल, लेवल ए), दिनेश शनमुगम (50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, लेवल बी, 25 मीटर फ्रीस्टाइल, लेवल ए), अब्दुल रहमान (50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, लेवल बी, 25 मीटर फ्रीस्टाइल लेवल ए) ) और टीनू मोंसी (25 मीटर फ्रीस्टाइल, लेवल ए) ने फाइनल में सुनिश्चित की। महिला वर्ग में प्रार्थना (25 मीटर फ्रीस्टाइल, लेवल ए) और अलीना एंथनी (50 मीटर फ्रीस्टाइल लेवल बी) के पास फाइनल में मेडल जीतने का मौका है।

### अन्य भारतीय खिलाड़ी भी पदक की दौड़ में शामिल



इसी बीच, कई अन्य भारतीय खिलाड़ी पदक की दौड़ में शामिल हो गए हैं। ट्रैक पर, 800 मीटर धावक आसिफ मलानूर (लेवल बी), सोहम राजपूत (लेवल सी) और गीतांजलि नागवेकर (लेवल डी) अपने इवेंट के फाइनल में पहुंचे, जबकि लिबिन मल्लिका राजकुमार (लेवल बी) 200 मीटर में फाइनल में पहुंचे। पुरुषों की 43400 मीटर टीम ने भी फाइनल के लिए क्वॉलीफाई कर लिया है।

# ऑस्ट्रेलिया ने जीता एशेज सीरीज का पहला टेस्ट

## इंग्लैंड को दो विकेट से हराया, कमिंस और लियोन ने मिलकर 8वें विकेट के लिए की 55 रनों की मैच विजयी साझेदारी

**बर्मिंघम।** ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एशेज सीरीज के पहले टेस्ट में इंग्लैंड को दो विकेट से हराकर जीत के साथ शुरुआत की। मैन ऑफ द मैच उस्मान ख्वाजा जीत के हीरो रहे। जिन्होंने पहली पारी में 141 रन और दूसरी पारी में 45 रन बनाए। इसके बाद कप्तान पैट कमिंस ने भी नाथन लियोन के साथ मिलकर 8वें विकेट के लिए 55 रनों की नाबाद पार्टनरशिप कर जीत में अहम भूमिका निभाई।

कमिंस 44 और लियोन 16 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने चौथी पारी में ऑस्ट्रेलिया को 282 रन का लक्ष्य दिया। कंगारू टीम को पांचवें दिन जीत के लिए 174 रन बनाने थे। ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें दिन तीन विकेट पर 107 रन से आगे खेलना शुरु किया। मैच के अंतिम बारिश ने खलल डलल और खेल काफी देर से शुरू हुआ। अंपायर ने दिन के निर्धारित 90 ओवर को घटाकर 67 ओवर कर दिया। अब ऑस्ट्रेलिया को 67 ओवर में 174 रन बनाने थे। नाइट वॉच मैन स्कॉट बौलैंड जल्द ही 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद ट्रैविस हेड भी 16 रन को मोईन ने चलता किया। इसके बाद कंगारू टीम जीत से 98 रन दूर था। वहीं, इंग्लैंड को यह मैच जीतने के लिए पांच विकेट की जरूरत है। इसके बाद ग्रीन ने 28 और ख्वाजा ने 65 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 229 रन बना लिए थे। जब ऑस्ट्रेलिया को 52 रन की जरुरत थी तब कप्तान पैट कमिंस ने नाथन लियोन के साथ मैच विजयी साझेदारी कर जीत दिलाई। इंग्लैंड के लिए स्टुअर्ट ब्रॉड ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड पहली पारी:** 393/8 पारी घोषित
**ऑस्ट्रेलिया पहली पारी** 386/10
**इंग्लैंड दूसरी पारी** 273/10

| ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| उस्मान ख्वाजा बो. स्टोक्स | 65 | 197 | 7/0 |
| वॉर्नर कै. बेयरस्टो बो. रॉबिंसन | 36 | 57 | 4/0 |
| लाबुशेन कै. बेयरस्टो बो. ब्रॉड | 13 | 15 | 3/0 |
| स्मिथ कै. बेयरस्टो बो. ब्रॉड | 06 | 13 | 1/0 |
| बोलैंड कै. बेयरस्टो बो. ब्रॉड | 20 | 40 | 2/0 |
| ट्रैविस हेड कै. रुट बो. मोईन | 16 | 24 | 3/0 |
| कैमरन ग्रीन बो. रॉबिंसन | 28 | 66 | 2/0 |
| एलेक्स कैरी कै. एवं बो रूट | 20 | 50 | 2/0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 44 | 73 | 4/2 |
| नेथन लियोन नाबाद | 16 | 28 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 18, **कुल:** 92.3 ओवर में आठ विकेट पर 282 रन **विकेट पतन:** 1-61, 2-78, 3-89, 4-121, 5-143, 6-192, 7-209, 8-227
**गेंदबाजी:** जेम्स एंडरसन 17-1-56-0, स्टुअर्ट ब्रॉड 21-3-64- 3, ऑली रॉबिंसन 18.3-7-43-2, मोईन अली 14-2-57-1, जो रूट 15-2-43-1 बेन स्टोक्स 7-2-9-1-1.



### कप्तान बेन स्टोक्स का पहली पारी में जल्दी पारी घोषित करने का दांव इंग्लैंड को पड़ गया भारी



बर्मिंघम टेस्ट मैच में इंग्लैंड टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 393 रन बनाकर पहली पारी घोषित की थी। कप्तान स्टोक्स का यह फैसला इंग्लैंड पर भारी पड़ा। इसके जवाब में कंगारू टीम ने पहली पारी में 386 रन बनाए थे और इंग्लैंड को 7 रनों की बढ़त मिली थी। इसके बाद इंग्लैंड दूसरी पारी में 273 रन ही बना सकी. इस तरह पहली पारी में मिली 7 रनों की बढ़त के आधार पर ऑस्ट्रेलिया के सामने 281 रनों का टारगेट सेट हुआ। इसके जवाब में कंगारू टीम ने 5वें दिन 8 विकेट गंवाकर 282 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया।



### टेस्ट क्रिकेट में पांचों दिन बल्लेबाजी करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई बने ख्वाजा

ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा टेस्ट क्रिकेट में पांचों दिन बल्लेबाजी करने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले किम ह्यूज ने 1980 में लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांचों दिन बल्लेबाजी की थी। उन्होंने पहली पारी में 117 रन और दूसरी पारी में 84 रन बनाए थे। इसके अलावा ख्वाजा टेस्ट मैच में 5 दिन बल्लेबाजी करने वाले दुनिया के 13वें खिलाड़ी बन गए हैं। ख्वाजा अपने टेस्ट करियर में 15 शतक लगा चुके हैं। इंग्लैंड के सर्वाधिक चार खिलाड़ियों के नाम टेस्ट में पांच दिन बैटिंग करने का रिकॉर्ड दर्ज है। वहीं, भारत और वेस्टइंडीज के तीन-तीन जबकि ऑस्ट्रेलिया के दो और दक्षिण अफ्रीका एक खिलाड़ी ने यह कमाल किया है।

## रजा के दोहरे प्रदर्शन से जिम्बाब्वे की दूसरी जीत

### वनडे विश्व कप क्वॉलीफायर में नीदरलैंड को हराया



**हरारे।** जिम्बाब्वे ने मैन ऑफ द मैच सिंकदर रजा के दोहरे प्रदर्शन की मदद से आईसीसी वनडे विश्व कप क्वॉलीफायर में नीदरलैंड को छह विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। नीदरलैंड ने पहले खेलते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 315 रन बनाए। जबाव में जिम्बाब्वे ने चार विकेट पर 319 रन बनाकर मैच जीत लिया। जिम्बाब्वे के लिए सिकंदर रजा ने 54 गेंदों में नाबाद 102 रन की शतकीय पारी खेली। इसके अलावा सीन विलियम्स ने भी 91 रन जबकि कप्तान क्रेग एर्विन ने 50 रन बनाए। नीदरलैंड के लिए विक्रमजीत सिंह (88), मैक्स ओडड (59) और स्कॉट एडवर्ड्स ने 83 रन की पारी खेलकर अपनी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। सिंकदर रजा ने चार विकेट भी लिए। एक अन्य मैच में नेपाल ने अमेरिका को छह विकेट से हराया। अमेरिका पहले बल्लेबाजी करते हुए 207 रन पर ऑलआउट हो गई। जबाव में नेपाल ने चार विकेट पर 211 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## भारत इमर्जिंग महिला एशिया कप के फाइनल में

### बारिश के कारण सेमीफाइनल रद्द, बांग्लादेश से होगी खिताबी भिड़ंत

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ने के बाद भारत-ए एसीसी इमर्जिंग महिला एशिया कप 2023 के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में भारत की भिड़ंत बांग्लादेश से होगी।

भारत और श्रीलंका के बीच सेमीफाइनल सोमवार को होने वाला मैच रिजर्व-डे में पहुंचा। लेकिन बारिश के कारण मंगलवार को भी जब रिजर्व डे पर भी मैच नहीं हो पाया तो अंकतालिका के आधार पर भारत ने फाइनल में प्रवेश किया। बांग्लादेश ने दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को छह रन से हराया जिससे वह बुधवार को होने वाले फाइनल में पहुंचा।



### भारत को एक मैच खेलकर फाइनल का टिकट मिला

श्वेता सहरावत की कप्तानी वाली भारतीय ए टीम ने टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं हारा है। हांगकांग के खिलाफ टूर्नामेंट का आगाज जीत से करने के बाद भारत ए के नेपाल और पाकिस्तान से अगले दो मैच बारिश की वजह से धुले। भारतीय 4 अंक के साथ सेमीफाइनल में पहुंचा मगर सेमीफाइनल में भी बारिश ने पीछा नहीं छोड़ा। टीम इडिया को सिर्फ एक मैच खेलकर फाइनल का टिकट मिल गया है। 12 जून से शुरू हुए इस टूर्नामेंट के शुरु के दो दिन मैच हो पाए। इसके बाद मलेशिया बनाम यूएई मैच 5-5 ओवर का हो पाया।

**उपलब्धि** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान कोहली ने ट्वीट किया, हमेशा आभारी...

## विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट में 12 साल पूरे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम पूर्व कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को टेस्ट क्रिकेट में 12 साल पूरे किए। कोहली ने 20 जून, 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किंग्स्टन में अपना टेस्ट डेब्यू किया था, जब से लेकर अब तक कोहली इंडिया के लिए 109 टेस्ट मैच खेल चुके हैं।

अपने टेस्ट करियर में 12 साल पूरे करने पर कोहली ने अपने सोशल मीडिया के एक दिल छू लेने वाली पोस्ट की। जिसमें वो व्हाइट टेस्ट जर्सी में दिख रहे हैं। इस पोस्ट को कैप्शन देते हुए किंग कोहली ने लिखा, टेस्ट क्रिकेट में 12 साल हो गए हैं। हमेशा आभारी। कोहली ने अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू 2008 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे मैच से किया था। इसके बाद 2010 में उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलते हुए टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखा था। कोहली भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तान हैं। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के बाद कोहली को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तान बनाया गया था। कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम ने 68 टेस्ट मैच खेले, जिसमें भारतीय टीम ने 40 में जीत दर्ज की है और 17 गंवाए हैं। कोहली ने पहली बार 2014 में टेस्ट कप्तानी की थी. वहीं, उन्होंने बतौर कप्तान आखिरी टेस्ट मैच 2022 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था।

**विराट कोहली का टेस्ट करियर**

| | |
|---|---|
| टेस्ट मैच | 109 |
| पारी | 185 |
| रन | 8479 |
| औसत | 48.72 |
| शतक | 28 |
| अर्धशतक | 28 |

## करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे सात्विक-चिराग

### श्रीकांत और लक्ष्य सेन को भी हुआ फायदा



**कुआलालंपुर ।** हाल ही में इंडोनेशिया ओपन 2023 के रूप में अपने करियर का पहला सुपर 1000 इवेंट जीतने वाली सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आ गई। यह सात्विक-चिराग के करियर की सर्वश्रेष्ठ बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग है। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपिय जोड़ी ने मलेशिया के मौजूदा विश्व चैंपियन आरोन चिया और सोह वूई यिक को सीधे गेमों में हराकर इंडोनेशिया ओपन जीता था। सुपर 1000 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय जोड़ी के लिये यह साल शानदार रहा है और वह अब तक स्विस ओपन 2023 एवं बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पुरुष युगल खिताब भी जीत चुकी है।

## पंचायत भवन से चोरी हुआ माल बरामद, प्रधान पुत्र ही निकला चोर

प्रखर मिजार्पुर। थाना विन्ध्याचल पर बीते सोमवार ।को वादिनी मंजू देवी ग्राम प्रधान तेलियानी, विन्ध्याचल द्वारा पंचायत भवन से सामानों की चोरी हो जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-93/2023 धारा 380 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी । पुलिस अधीक्षक ह्यसंतोष कुमार मिश्राह्न द्वारा उक्त चोरी की घटनाओं को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी के सामान की बरामदगी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना विन्ध्याचल को निर्देश दिये गये । उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा पतारसी-सुरागरसी, भौतिक एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य सीसीटीवी फुटेज संकलित करते हुए आज दिनांकः21.06.2023 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से शातिर चोर शिवम पाण्डेय पुत्र स्व0अखिलेश पाण्डेय निवासी तेलियानी थाना विन्ध्याचल को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से मु0अ0सं0-93/2023 से सम्बन्धित दो प्लास्टिक की बोरी में रखा हुआ चोरी का सामान एक अदद मॉनीटर, एक अदद सीपीयू, एक अदद की-बोर्ड, एक अदद माउस, तीन अदद पॉवर केबल, एक अदद इन्वर्टर व एक अदद बैटरी बरामद की गयी । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह अपने मौसेरे भाई के साथ मिलकर पंचायत भवन में चोरी की घटना को अंजाम दिया था, चोरी के सामान इन्वर्टर, बैटरी व कम्प्यूटर सम्बन्धित उपकरणों को बेचने की फिराक में थे कि पकड़े गये ।

## पीयू की कुलपति ने की पौध भिक्षा की पहल

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने विश्वविद्यालय में पौध भिक्षा की एक नई पहल की है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इसकी शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि पौधा ही भविष्य में जनमानस की पूंजी है। इसे संभालने और संवारने की जरूरत है। विश्वविद्यालय में हरियाली बढ़ाने के संकल्प से इस बेस्ट प्रैक्टिस का आरंभ किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की कुलपति की पहल का सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों ने स्वागत किया है। उनका मानना है कि इंसान के दिलों तक पेड़, पौधों की खामोश भाषा पहुंचे और वह समझे कि बिन पेड़ जीवन सूना है। बुधवार को इस पहल माननीय कुलपति के पूर्व निजी सचिव रहे डा. के.एस. तोमर ने की। उन्होंने दान में विश्वविद्यालय को पांच पौधे दिए और खुद कुलपति, शिक्षकगणऔर अधिकारियों के साथ एकलव्य स्टेडियम में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष धरा का भूषण है। यह लंबे समय तक चलने वाला उपहार है। हमारी कोशिश होगी कि हम अपने अतिथियों का सम्मान पौधदान करके करें। इसके लिए पौध भिक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इससे संग्रहित पौध को विश्वविद्यालय में नर्सरी बनाकर रखा जाएगा। इसका मकसद अधिक से अधिक पौध लगाकर विश्वविद्यालय में हरियाली लाना और लोगों को जागरूक कर प्रेरित करना है। इससे ग्लोबल वॉर्मिंग के खतरे को कम करने, पर्यावरण को संतुलित रखने, हरियाली बढ़ाने के लिए यह अभियान चलाया जाएगा। इस कार्य से वातावरण के तापमान में बदलाव आएगा ' उनका मानना है कि पौधरोपण वाले पौधे को गोद देकर उसकी पूरी जिम्मेदारी उसे गोद लेने वाले को दी जाएगी, ताकि पौधा सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह. उपकुलसचिव अमृतलाल, सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, बबिता सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. रजनीश भास्कर, डा. सुनील कुमार, सत्यम उपाध्याय, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डा. मदनमोहन भट्ट, डा. राजेश सिंह, डा. पी.के कौशिक आदि उपस्थित थे।

## भाजपा की टिफिन बैठक कार्यक्रम संपन्न

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। विनायक फामेर्सी ऑफ कॉलेज फरिहा में भारतीय जनता पार्टी दीदारगंज का टिफिन बैठक कार्यक्रम किया गया जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष अवधेश चौहान ने किया ।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष ऋषि कांत राय ने कहाकि दीदारगंज विधानसभा के टिफिन बैठक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एक साथ मिल बैठकर भोज करें और आपस में भाईचारा बनाकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करें और 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता अभी से लग जाय क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो देश के विकास के लिए सोचती है और कार्य करती है। विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा ने कहाकि बैठक का मुख्य उद्देश्य आपसी सौहार्द एवं समरसता का भाव एक दूसरे में पैदा करना है। और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा को दीदार गंज में अधिक से अधिक वोट दिलाना है। बैठक में मुख्य रूप से सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, भानु प्रताप गुप्ता ,विनय जायसवाल, मंडल अध्यक्ष अवधेश चौहान, प्रधान जिया लाल यादव, अरविंद यादव उर्फ पिन्टू, आलोक चौहान अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, उग्रसेन चौहान, अवधेश मौर्या, राकेश मौर्या,जलंधर चौहान, राजेश बिंद आदि लोग उपस्थित थे ।

## बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल में मनाया गया योग दिवस, योग को अपनाने का लिया संकल्प

प्रखर रामनगर वाराणसी। बुधवार को बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल, डोमरी,पड़ाव, वाराणसी एवं आचार्य सीताराम चतुवेर्दी महिला महाविद्यालय, डोमरी, रामनगर, वाराणसी में 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र, प्रवक्ता गण, अध्यापक, अध्यापिकाएं तथा विद्यालय तथा महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने योग प्रशिक्षक श्री विशाल साहनी के नेतृत्व में योगासन किया तथा जीवन में योग एवं आसनों के महत्व को समझा। वृक्षासन, ताड़ासन, प्राणायाम, पवनमुक्तासन, सूर्य नमस्कार, ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि चालन, पादहस्तासन, शवासन, अर्धचक्रासन, शीतली प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, भर्सिका, ध्यान मुद्रा आदि योग एवं आसनों को प्रशिक्षक के निदेर्शानुसार किया गया।अंत में डॉ. विजय शंकर मिश्र ने योग तथा आसनों के महत्व को समझाते हुए बताया कि योग तथा आसनों को नियमित प्रतिदिन करने से व्यक्ति निरोगी तथा स्वस्थ रहता है।इस अवसर पर किरन शर्मा, सोनिया मिश्रा, नीलम गुप्ता, श्वेता पांडेय, अनीता पांडेय, पीयूष दुबे, कमलेश सिंह, चंद्रदीप सिंह, अनूप विश्वकर्मा, अभिजीत भारती, हरेंद्र पांडेय, दीपक मिश्रा, सुरेंद्र तिवारी, मुद्रिका मिश्रा, महिमा पाठक, डॉ. रचिता सिंह, डॉ. प्रतिभा गुप्ता आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करता है योग

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के श्री गणेश राय पी जी कॉलेज डोभी के स्वर्गीय विजय प्रताप सिंह स्वर्ण जयंती परिसर में संरक्षक प्रोफेसर प्रवीण कुमार सिंह और प्राचार्य डॉक्टर प्रमोद कुमार सिंह के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बुद्धवार को अत्यंत ही धूमधाम के साथ मनाया गया ।अपने सारगर्भित संबोधन में मुख्य अतिथि जिला पातंजलि योग समिति के प्रभारी शम्भूनाथ ने कहा कि योग मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करता है । योग से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मन प्रफुल्लित होता है । योग को केवल योग दिवस तक सिमित ना रखकर , हमें अपने जीवन में धारण करने की आवश्यकता है ।योगासन हमारे शरीर के साथ- साथ मस्तिष्क को भी स्वस्थ रखता है । मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी श्री शम्भूनाथ ने विभिन्न आसनों का अभ्यास भी करवाया । साथ ही प्राणायाम के सकारात्मक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। महाविद्यालय इकाई की प्रभारी एवं महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी प्रो० सरिता सिंह ने योग के आठ अंगों - यम, नियम, आसन, प्राणायाम आदि पर प्रकाश डालते हुए योग कोअपनी दिनचर्या में शामिल करने पर बल दिया । योग को सुचारु रूप से संचालित करने में बीएड विभाग के प्राध्यापक डॉक्टर धीरेंद्र कुमार सिंह , डॉक्टर प्रवीण कुमार पाण्डेय एवं छात्र अध्यापकों की भूमिका महत्वपूर्ण रही । महिला पतंजलि योग समिति की संवाद प्रभारी, सोनम सिंह ने भी आसन का अभ्यास करवाया । बी० एड० विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ० धर्मपाल सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को योग करने हेतु प्रेरित किया ।

## उपचार के दौरान जिला अस्पताल में हेड कांस्टेबल की मौत, परिवार ने मचाया बवाल

प्रखर जौनपुर। जनपद के पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल वीरेन्द्र कुमार सिंह उम्र 50 वर्ष की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। हेड कांस्टेबल की मौत के बाद उनके परिवार के लोगो ने जम कर बवाल काटते हुए उपचार में चिकित्सक की लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गलत इंजेक्शन लगाया गया जिससे हेड कांस्टेबल की मौत हो गई है। हलांकि पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है पीएम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाई संभव होगी। मिली खबर के अनुसार मंगलवार की दोपहर में अचानक उक्त हेड कांस्टेबल की तबीयत खराब हुई आनन फानन में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उनकी मौत है गयी हलांकि कि हेड कांस्टेबल की मौत का कारण चिकित्सक हृदयाघात मान रहे है जबकि परिवार के लोग गलत तरीके से उपचार किये जाने का आरोप लगा रहे है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण का पता चल सकेगा।

## सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं पर उत्साह के साथ मनाया गया अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस

प्रखर मेंहनगर आजमगढ़। स्थानीय तहसील क्षेत्र में उत्साह के साथ विश्व योग दिवस निर्धारित समय पर आयोजित किया गया।गुरुवार को विश्वव योग दिवस पर तहसील परिसर में एसडीएम संत रंजन श्रीवास्तव भाजपा गोरखपुर क्षेत्रीय मंत्री मंजू सरोज,अधिवक्ता ,राजस्व कर्मियों सङ्ग अंतरराष्ट्रीय योग का शुभारंभ करते हुए उपजिलाधिकारी ने उपस्थिति लोगो से कहा योग नियमित करने से शरीर को तथा मन को ऊर्जा मिलती है।यिग करने से व्यक्ति निरोगित रहता है। गोरखपुर क्षेत्रीय मंत्री मंजू सरोज ने कहाकि आज मनुष्य की व्यस्ततम दिनचर्या, खान-पान तथा रहन-सहन को ध्यान में रखते हुए योग के माध्यम से हम विभिन्न असाध्य रोगों तथा घातक बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं। इसी क्रम में बाला जी योगा आश्रम में राम मूर्तिराय ने योग कराया उसके बाद समापन होने पर सभी को चना व हलवा से मुंह मीठा भी कराया। इसी क्रम में बाबू की खजूरी स्थित दुर्गा मंदिर पर भाजपा नेता व भूमि विकास चेयरमैन अरविन्द सिंह के नेतृत्व योगाभ्यास कराया ततपश्चात बताया गया कि पूरे शक्ति केंद्रों पर योग कराया गया ,इसी के साथ पतंजलि योग समिति के संजोजक रामकुबेर गौड़ द्वारा सूर्य नमस्कार एवं योग शिक्षक राजन जी द्वारा आसान प्रयार्डाम कराया गया ,जिसमे नगर के चेयरमैन ,व्यापारी, शिक्षक ,पत्रकार ,डाक विभाग के लोग उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उदय प्रताप स्वायत्तशासी कॉलेज के पवेलियन पर योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन

प्रखर वाराणसी। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने राजर्षि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। योग का संचालन प्रोफेसर सुबोध सिंह ने अपने सहयोगी असिस्टेंट प्रोफेसर विनय कुमार यादव के साथ लगभग 1000 लोगों को जिसमें प्रोफेसर प्राध्यापक शिक्षक व एनसीसी के अधिकारी डॉक्टर मयंक सिंह डॉक्टर देव नारायण सिंह एनसीसी कैडेट सहित रोवर्स रेंजर्स बास्केटबॉल हॉकी के कोच श्री शशिकांत सिंह फुटबॉल एथलेटिक साईं आदि के खिलाड़ी व कोच भी मौजूद थे। सभी को योगाभ्यास कराया गया योग का हमारे जीवन में क्या महत्व है योग के माध्यम से हम अपने आप को किस प्रकार वर्तमान समय में स्वास्थ्य व निरोग रख सकते हैं इन सभी बिंदुओं पर प्रोफेसर सुबोध सिंह ने प्रकाश डाला आज के कार्यक्रम में प्रोफेसर अंजू सिंह रेंजर्स लीडर प्रोफेसर नरेंद्र सिंह प्रोफेसर मनोज त्रिपाठी डॉक्टर अंकित सिंह रोवर्स लीडर डॉ प्रदीप सिंह प्रोफेसर कुलदीप सिंह उदय प्रताप इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य



रमेश सिंह उमेश सिंह अरविंद सिंह ने अपने अन्य शिक्षकों व छात्रों के साथ प्रतिभाग किया आर. एस. एम. टी. के निदेशक डॉ अमन गुप्ता अनुराग सिंह अन्य शिक्षक व छात्रों के साथ उपस्थित थे तथा उदय प्रताप पब्लिक स्कूल व रानी मुरार कुमारी बालिका इंटर कॉलेज के शिक्षक व छात्रों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रमिता सिंह सहायक नगर आयुक्त दिनेश यादव पूर्व पार्षदअरविंद सिंह प्रभारी उत्तर विधानसभा सुनील सोनकर पूर्व पार्षद अमन सिंह महामंत्री छात्र संघ शिवम सिंह दीपक गुप्ता राजेंद्र प्रसाद (परिचर) आदि उपस्थित थे। योग कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने नियमित योग के लाभ को गिनाते हुए। तथा लोगों को योग को अपने जीवन शैली में शामिल करने का आग्रह किया और वासुधैव कुटुंबकम के महत्व के बारे में बताया तथा कहा कि हम सभी एक पृथ्वी , एक परिवार, एक भविष्य की ओर जल संरक्षण व वृक्षारोपण करते हुए मिलजुल कर आगे बढ़े ।

# प्राकृतिक लोंहदी नदी का होगा जीर्णोद्धार : जिलाधिकारी ने फावड़ा चलाकर व मंत्रोच्चार के साथ किया शुभारम्भ

प्रखर मिजार्पुर।ग्राम पंचायत बरकछा खुर्द के अटारी बार्डर के पास से भोकवा नाला से निकली हुयी प्राकृतिक लोंहदी नदी का जीर्णोद्धार जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर प्रारम्भ किया गया। जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने नदी में पूजन अर्चन व मनरेगा मजदूरो के साथ फावड़ा चलाकर जीर्णोद्धार कार्य का शुभारम्भ किया। 11 ग्राम पंचायतो यथा छीतपुर, नकहरा, सिरसी बघेल, सिरसी गहरवार, चन्दईपुर, लोंहदी खुर्द, लोहंदी कला, गोपालपुर, राजापुर, बसही व कंतित से होते हुये यह नदी लगभग 18.8 किलोमीटर की दूरी तय करते हुये गंगा नदी में जाकर मिलती हैं। नदी का प्राकृतिक जल स्त्रोत भोकवा नाला के अतिरिक्त विकास खण्ड के सामने पाताल तोड़ कूप व लोहंदी महावीर के पास 11 तख्वा पुल के पास स्थित



कूप से अनवरत पानी भारी मात्रा में निकलते हुये नदी में जल स्त्रोत बनाये रखने की अहम भूमिका थी, परन्तु जल स्तर नीचे चले जाने के कारण प्राकृतिक रूप से जल स्त्रोत कम होने के फलस्वरूप नदी में पाट, झाड़ी आदि होने जाने के कारण नदी के पानी का बहाव नही हो पा रहा था। कतिपय ग्राम वासियों व विभिन्न सूत्रो से जिलाधिकारी को इस नदी के बारे में जानकारी प्राप्त होने पर जल स्त्रोत को बनाये रखने एवं नदी की साफ सफाई के लिये जिलाधिकारी द्वारा इस नदी के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया गया तत्पश्चात जीर्णोद्धार का कार्य मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, श्रमदान व जन प्रतिनधियों आदि के सहयोग से लोंहदी नदी के विस्तार व पूर्व में स्थित प्राकृतिक जल से स्वच्छ बनाये रखने हेतु जीर्णोद्धार का कार्य प्रारम्भ किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि मनरेगा व पंचम राज्य वित्त के तहत कार्य से कराया जायेगा। जिसमें लगभग रू0 01.25 करोड़ व्यय होने की सम्भावना हैं। जिसमें 46600 मानव दिवस का उपयोग करते हुये 40 दिन में कार्य को पूर्ण करा लिया जायेगा। इस लोंहदी नदी के पुनर्जीवित करने का कार्यक्रम जिला प्रशासन के तत्वाधान में सभी ग्रामीणों के द्वारा किया जायेगा। उन्होने कहा कि हमारा प्रयास है कि सीमित संशाधनों के होते हुये भी ऐसे कार्यक्रमो को चिहिन्त करके कराया जायेगा। उन्होने कहा कि हमे उम्मीद है लोग ऐसे जुड़ते रहे और अपने संशाधनों से भी श्रमदान करते हुये छोटी-छोटी नदियों को पुर्नजीवित करने का कार्य करें। इसके पूर्व भी कर्णावती नदी को जीर्णोद्धार कराया गया था जिससे उस क्षेत्र के लोगो को लाभ मिल रहा हैं। उन्होने कहा कि हमारे आने वाले पीढ़ी व बच्चों के कल के लिये बहुत आवश्यक हैं कि नदियों को पुर्नजीवित रखें। उन्होने कहा कि नदियों के जीर्णोद्धार का कार्य पुण्य का भी काम हैं। इस अवसर पर संयुक्त मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद, उपायुक्त मनरेगा मो0 नफीस, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, खण्ड विकास अधिकारी सिटी, ब्लाक प्रमुख सिटी व ग्राम प्रधान उपस्थित रहें।

# नगर पालिका परिषद का वित्तीय बजट पास, खर्च होंगे 50 करोड़ 47 लाख 80 हजार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर पालिका परिषद गाजीपुर की पुनर्निर्वाचित अध्यक्ष सरिता अग्रवाल की अध्यक्षता एवं अधिशासी अधिकारी लालचन्द्र सरोज की उपस्थिति में बोर्ड की प्रथम बैंठक मंगलवार को सम्पन्न हुयी। जिसमें उपस्थित सभी नव निर्वाचित सदस्यों का माल्यार्पण व बुके देकर हार्दिक स्वागत किया गया। तदोपरान्त आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के अनुमानित आय रु0 504960000.00 एवं अनुमानित व्यय रु0 504780000.00 का बजट पेश किया गया जिस पर विधिवत चर्चा हुई, चर्चा उपरान्त सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया। इसके अतिरिक्त नगर में चल रहें विकास कार्यों पर भी विधिवत चर्चा शुरू हुयी। चर्चा में कहा गया कि जिन कार्यदायी एजेन्सी द्वारा अभी तक कार्य शुरू नहीं किया गया है, उन्हे तत्काल नोटिस भेजा जाए उसके उपरान्त भी निश्चित अवधि तक जिनका कार्य पूर्ण नहीं होता है तो विधिक रूप से कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाय। इसके अतिरिक्त



जिन कार्यों की स्वीकृति के उपरान्त भी अभी तक निविदा नही निकाली गयी है एवं कुछ कार्यों की पुर्ननिविदा निकलनी है उसे बिना देर किए तत्काल निविदा निकाली जाए। उत्तर प्रदेश शासन की जो भी जनकल्याणकारी एवं विकास के दृष्टिगत योजनाएं चल रही है, उसकी कार्य योजना बनाकर अधिक से अधिक धन शासन से लाने हेतु पालिकाअध्यक्ष को अधिकृत किया गया। पार्कों एवं पोखरों का सुन्दरीकरण, जल निकासी आदि पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया। नगर में पिछले 4-5 महीनों से चल रही सफाई व्यवस्था पर अधिकांश सदस्यों ने आक्रोश व्यक्त किया एवं सफाई निरीक्षक के कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़ा किया। सभी सदस्यों ने एक स्वर से सफाई कार्यों में तत्काल तेजी लाने एवं अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही पर अंकुश लगाने की मांग की। दाखिल-खारिज, नामान्तरण, दुकानों का आवंटन एवं नये दुकानों के निर्माण हेतु ऐसे सभी नये एवं पुराने कार्यों के लिए पूर्व की भाँति ही पालिकाअध्यक्ष को अधिकृत किया गया। पेयजल की बाधित आपूर्ति पर भी चिन्ता व्यक्त करते हुए इसमें सुधार की मांग की गयी। इसके अतिरिक्त सीवर से हो रहे जनता की परेशानियों पर सदस्यों ने आक्रोश व्यक्त किया और कार्यदायी संस्था जल निगम से सुधार करने की माँग की। जल निगम द्वारा किए जा रहे सड़कों पर सबमर्सिबल के माध्यम से हो रही पानी की बबार्दी पर भी चिन्ता व्यक्त करते हुए बताया गया कि इससे पेयजल की आपूर्ति भी बाधित हो रही है। तत्पश्चात अन्त में कोई प्रस्ताव न आने के कारण अध्यक्ष सरिता अग्रवाल की अनुमति से अधिशासी अधिकारी द्वारा बैठक समाप्त की घोषणा की गयी। बैठक में विवेक कुमार बिन्द अवर अभियन्ता सिविल, पूजा सिंह, रफीउल्लाह खां अवर अभियन्ता जल, मो0 एहसान आलम सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सत्यम राय, विशाल कुमार श्रीवास्तव लिपिक आदि के अलावा सभासदगण अनिता देवी, गुंजन, निलिमा, संजय कुमार, शनि चौरसिया, मीनू, अजय, अशोक, यस्मिन, परवेज अहमद, अभय कुमार, सुशील, संदीप श्रीवास्तव, अमीना खातून, मोहम्मद नवाब, सहबान अली, सरिता, रवि प्रकाश, नफीस अहमद, कुसुम देवी, सोमेश मोहन राय, सालेहा खातून, सुनील, उषा, अखिलेश सिंह यादव उपस्थित रहें।

## अखिल भारतीय फार्मासिस्ट असोसिएशन का प्रतिनिधि मण्डल सहायक आयुक्त औषधि से मुलाकात किया



प्रखर मिजार्पुर।अखिल भारतीय फार्मासिस्ट असोसिएशन के प्रदेश सचिव अखिलेश मिश्र के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने 21 जून को सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय से औपचारिक मुलाकात कर फार्मासिस्ट भाइयों की समस्याओं से अवगत कराया , प्रदेश सचिव ने कहा कि अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन देश का सबसे पुराना संगठन है , संस्था के सदस्य गण औषधि अधिनियम का अनुपालन करते हुए अपने प्रतिष्ठान को संचालित कर रहे है , जिलाध्यक्ष चन्द्रेश शुक्ला ने अपनी बात रखते हुए कहा कि अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन मीरजापुर जनपद में सकारात्मक तरीके से कार्य करता रहा है , जहाँ पर दवा है वहाँ फार्मासिस्ट होना चाहिए जनपद में प्रतिनिधि मंडल में असोसिएशन के जिलाध्यक्ष चन्द्रेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष सुदीप मिश्रा, जिला महासचिव शिपेंद्र सिंह , सदस्य गण सियाराम निषाद, दीनदयाल विष्वकर्मा शामिल रहे।

**औषधि निरीक्षक के कार्यो की प्रशंसा की** :- अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ड्रग इंस्पेक्टर कुमार सौमित्र के द्वारा दुकानों की नियमित जांच करने पर कहा कि समय समय पर जांच होने से हमे अपनी कमियों को सुधारने का मौका मिलता है , और सरकार के द्वारा बनाये नए नियमो के बारे में विस्तृत जानकारी भी मिलती रहती है।

# विश्व योग दिवस के अवसर पर पहाड़ियां स्थित 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने कराया बृहद योग कार्यक्रम

प्रखर वाराणसी। 95 बटालियन के कमांडेंट अनिल कुमार बृक्ष एवं उनकी भार्या डॉक्टर बिंदु की उपस्थिति में सुबह 05:30 बजे से 7::00 बजे तक वृहत्त योग कार्यक्रम का आयोजन कराया गया ' इस अवसर पर प्रसिद्ध योगाचार्य काल भैरव मंदिर परिवार के योगी प्रकाश नाथ योगेश्वर ने कमांडेंट व डाक्टर बिन्दू को समाज के लिए उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित किया साथ ही अंगवस्त्र पहनाया । आज विश्व योग दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम की सम्वेदनशीलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि योग शिविर में एक महिला अपने नवजात शिशु को लेकर योग के अभ्यास करने के लिए आई और पूरा योगाभ्यास भी किया ' वहां यह लोगों के कौतूहल का विषय बन गया साथ ही यह लोगों के लिए बहुत बड़ा प्रेरणा का स्त्रोत भी था! स्वस्थ माता के गर्भ से ही बलशाली व स्वस्थ राष्ट्र का जन्म होता है। इस कार्यक्रम में 95 बटालियन के अधिकारियों जवानों उनके परिवारजनों व आम



जनमानस ने भाग लिया, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऑफिसर,जवान एवं आम जनमानस को योग के प्रति जागरूक करना तथा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना है।इस कार्यक्रम में योग गुरु योगी प्रकाश नाथ योगेश्वर काल भैरव परिवार थे इस अवसर पर योग गुरू द्वारा विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास प्राणायाम कराया गया जिसमें प्रमुख तौर पर ताड़ासन अर्ध चक्रासन, उष्ट्रासन, दंडासन, भद्रासन, मकरासन, भुजंगासन शवासन, कपालभाति, नाड़ी शोधन, शीतली, प्राणायाम सहित अन्य योगिक क्रियाएं करवाई कमांडेंट 95 बटालियन ने प्राणायाम, व्यायाम के फायदे बताये । जीवन में योग की अहमियत को समझाने के मकसद से हर साल दुनियाभर में 21 जून को विश्न योग दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के अन्त में अनिल कुमार बृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन ने योग गुरु को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया साथ ही आम जनमानस को भी एक- एक योगा टी शर्ट वितरित किया,अन्त में ऑफिसर, जवानों,एवं आम जनमानस का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किये। इस अवसर पर कृष्ण जायसवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नितिंद्र नाथ द्वितीय कमान अधिकारी, उमाकांत ओझा उप कमांडेंट, अभिषेक कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुपम सिंह सहायक कमांडेंट,निरीक्षक कुमार राजीव, रामचंद्र यादव, कमलेश कुमार, विकास तिवारी उमेश प्रताप आशुतोष तिवारी एवं प्रवीण सिंह के साथ तमाम जवान तथा साधक अर्चना सोनकर,चंदन विश्वकर्मा, विकास बिंद, महेंद्र प्रसाद सिंह इत्यादि ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया।

## स्टेशन यार्ड रिमाडलिंग और पैचिंग कार्य के चलते 20 से ज्यादा ट्रेनें निरस्त

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। औड़िहार स्टेशन के यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के लिए 22 जून से 26 जून तक फ्री नान इंटरलॉक एवं सीआरएस निरीक्षण के साथ ही औड़िहार भटनी रेलखंड पर, औड़िहार सादात स्टेशनों के मध्य पैच डबलिंग कार्य के लिए ब्लॉक लिए जाने के कारण रेलवे प्रशासन द्वारा कई गाड़ियों का निरस्तीकरण और मार्ग परिवर्तन किया गया है। जिसमें 22 जून से 26 जून तक औड़िहार जौनपुर औड़िहार औड़िहार, मऊ प्रयागराज मऊ अनारक्षित, भटनी वाराणसी सिटी भटनी अनारक्षित, आजमगढ़ वाराणसी सिटी आजमगढ़ अनारक्षित, गाजीपुर सिटी प्रयागराज संगम गाजीपुर सिटी अनारक्षित, भटनी वाराणसी सिटी भटनी अनारक्षित, वाराणसी सिटी छपरा वाराणसी सिटी अनारक्षित, गोरखपुर वाराणसी सिटी गोरखपुर एक्सप्रेस, छपरा वाराणसी सिटी छपरा इंटरसिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। 23 से 26 जून तक बलिया प्रयागराज रामबाग बलिया एक्सप्रेस निरस्त रहेगी, 21 जून को दरभंगा से चलने वाली वाराणसी सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। 22 जून को वाराणसी सिटी दरभंगा एक्सप्रेस, बनारस गोरखपुर बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस, आनंद विहार रक्सौल सद्भावना, 23 जून को रक्सौल आनंद विहार सद्भावना, 22 जून को जम्मू तवी और गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस निरस्त, 23 जून को गाजीपुर सिटी जम्मू तवी एक्सप्रेस निरस्त, 26 जून को प्रयागराज रामबाग मुजफ्फरपुर प्रयागराज रामबाग निरस्त रहेगी, 23 जून को आनंद विहार गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। 24 जून को गाजीपुर सिटी आनंद विहार एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

## मुख्तार के करीबी गणेश दत्त मिश्रा इनकम टैक्स मामले में गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इसी क्रम में मुख्तार अंसारी के करीबी गणेश दत्त मिश्रा को लखनऊ इनकम टैक्स के वारंट पर सदर कोतवाली पुलिस ने चंदन नगर स्थित आवास से हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई, इसके बाद कोतवाली पुलिस की एक टीम गणेश दत्त मिश्रा को लेकर लखनऊ आईटी कार्यालय के लिए रवाना हो गई। गणेश दत्त मिश्रा को बेनामी संपत्ति के मामले में पूछताछ के लिए लखनऊ इनकम टैक्स द्वारा नोटिस भेजा गया था। लेकिन गणेश दत्त मिश्रा के द्वारा पूछताछ में सहयोग नहीं किया जा रहा था। ना ही कोई जवाब दिया जा रहा था। शहर कोतवाल तेज बहादुर सिंह ने बताया कि लखनऊ इनकम टैक्स कार्यालय द्वारा गाजीपुर सदर कोतवाली को एक नोटिस भेज कर गणेश दत्त मिश्रा को हिरासत में लेकर लखनऊ ऑफिस में पेश करने का आदेश दिया गया था। इनकम टैक्स की नोटिस मिलने के बाद शहर कोतवाली पुलिस द्वारा चंदन नगर स्थित गणेश दत्त मिश्रा के आवास से उनको कोतवाली ले आकर एक दरोगा और दो सिपाहियों की सुरक्षा के साथ इनकम टैक्स कार्यालय लखनऊ के लिए रवाना किया गया है। बताते चलें कि कुछ दिन पूर्व ही गणेश मिश्रा के कपूरपुर में एक अवैध प्रॉपर्टी को ईडी ने कुर्क किया था। इसके अलावा चंदन नगर स्थित बहुमंजिला इमारत को पहले से ही जिला प्रशासन द्वारा ध्वस्त किया जा चुका है।

# योग से स्वस्थ शरीर और स्वस्थ समाज का होता है निर्माण : सांसद

**योग शारीरिक और मानसिक रूप से हमें स्वस्थ रखता है: दीनानाथ भास्कर, योग से स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन का का होता है निर्माण : जिलाधिकारी**

प्रखर भदोही। विभूति नारायण राजकीय इंटरमीडिएट कालेज में बुधवार को 9 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों ने स्वस्थ रहने के लिए योग किया। इस दौरान सांसद, विधायक के साथ जिलाधिकारी गौरांग राठी ने भी सपरिवार भाग लिया।सभी अमृत सरोवरों पर ग्रामीणों ने योगाभ्यास किया।

योग दिवस पर जनपद में अनगिनत कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान हर आंगन योग का नारा दिया गया था। सांसद रमेश बिंद ने कहा कि योग से मानव मस्तिष्क का विकास होता है और शरीर स्वस्थ होता है। उन्होंने कहा कि योग से देश और प्रदेश की सेहत भी तंदुरुस्त होगी। आज की की भागदौड़ जिंदगी में लोग डिप्रेशन, लीवर, किडनी हहार्ट जैसी बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। उस स्थिति में योग हमें उबरने में कामयाब होगा और हमारे शरीर को स्वस्थ रखेगा। प्रधानमंत्री की सोच ने योग को वैश्विक बना दिया है।



आयुष विभाग की तरफ से किया गया है यह आयोजन बेहद अच्छा रहा।

औराई विधायक दीनानाथ भास्कर ने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक रूप से हमें स्वस्थ रखता है। योग से हमारे अंदर की तमाम बीमारियां दूर होती हैं जिससे हमारा जीवन स्वस्थ और निरोगी होता है। भाजपा जिला अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव ने कहा कि योग हमारे शरीर को स्वस्थ और निरोगी बनाता है। जब हम स्वस्थ रहेंगे तो एक अच्छे समाज का निर्माण करेंगे। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि योग से एक स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। जब व्यक्ति स्वस्थ रहेगा तो उसने बेहतर सोच पैदा होती है होगी। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन से हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा आती है। जब हम सकारात्मक सोचेंगे तो समाज के लिए और देश के लिए अच्छा काम करेंगे। योग तमाम बीमारियों से लड़ने के लिए सबसे सरल और अच्छा उपाय। योग को नियमित अपने जीवन में अपनाकर आप स्वस्थ शरीर पा सकते हैं। प्रधानमंत्री की नरेंद्र मोदी की सोच आज वैश्विक बन गई है। पूरी दुनिया आज योग कर रही है। इस दौरान जिलाधिकारी की धर्मपत्नी ने भी योग दिवस समारोह में शामिल होकर योग किया।

मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने उपस्थित हजारों लोगों के साथ योगाभ्यास करते हुए शारीरिक व मानसिक विकास के लिए योग की महत्ता का संदेश जनपद वासियों को दिया।

जिला सूचना अधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग' है। योग से भदोही का हर नागरिक स्वस्थ और निरोगी रहेगा। योग को लोगों को नियमित अपनाना चाहिए और प्रातः उठकर योग करना चाहिए। भदोहीवासियों ने योग करके साकार किया।

# भारत की सनातन परम्परा की ताकत है योगः प्रो. राजशरण शाही

## कार्य में कौशल का विकास करता है योगः प्रो. निर्मला एस. मौर्य

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बुधवार को योग सप्ताह का समापन समारोह मनाया गया। यह 15 जून से 21 जून 2023 तक आयोजित किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ भीमराव अम्बेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रो. राजशरण शाही थे। प्रो. शाही ने कहा कि भारत की सनातन परंपरा की ताकत योग है। विदेशी आक्रांताओं ने मूल परंपराओं और विरासत पर हमला करने की कोशिश की लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली क्योंकि हमारी मूल चेतना में अध्यात्म और योग है। योग देश की आत्मा, अनुशासन और साधना है। भारत युवा आबादी का सदुपयोग कर विश्व गुरु बनने की कोशिश करता है जबकि विश्व के अन्य देश महाशक्ति बनने में विश्वास करते हैं, क्योंकि महाशक्ति एक दूसरे को पराजित करती है न कि उत्थान। योग शिविर की अध्यक्षता करतीं हुईं



विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि योग हमारे कार्य में कौशल उत्पन्न करता है। यह हमें साधना की ओर ले जाते हुए ईश्वर से जोड़ता है। साथ ही तन और मन को स्वस्थ रखता है, इसका संतुलन ही योग है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति में आत्मविश्वास पैदा करता है। यह मानव के मार्ग को सुगम बनाता है। उन्होंने कहा कि नवम अमृत योग सप्ताह उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आर्ट आफ लिविंग बेंगलूरू के योग प्रशिक्षक जयसिंह गहलोत ने मंगलाचरण वंदना से योग की शुरूआत की। उन्होंने तितली आसन, शवआसन, सूर्य नमस्कार, नाड़ी शोधन, ताड़ आसन समेत कई आसनों का अभ्यास कराया। इसके पूर्व सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम सुबह पौने छः बजे से शुरू हुआ। इस अवसर पर स्वागत प्रो. मानस पांडेय, कार्यक्रम संयोजक प्रो अजय द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन और संचालन डॉ राजेश सिंह ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वी. एन. सिंह, उप कुलसचिव अमृतलाल, सहायक कुलसचिव बबिता सिंह, अजीत सिंह, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. रजनीश भास्कर, डा. प्रमोद यादव, डॉ मनोज मिश्र, एनएसएस समन्वयक डॉ राजबहादुर यादव, डा. रसिकेश, डा. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव. दिव्येन्दु मिश्र, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डा. मनोज कुमार पांडेय, डॉ पुनीत कुमार सिंह, सुशील कुमार, डॉ विनय वर्मा, कर्मचारी संघ अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, महामंत्री रमेश यादव, डा.मदन मोहन भट्ट, डा. पीके कौशिक, डॉ राजेंद्र सिंह, धीरज श्रीवास्तव, अशोक सिंह, रजनीश सिंह, आदर्श अरूण आदि शामिल थे।

## सुधाकर महिला शिक्षण संस्थान समूह के छात्राओं द्वारा रविदास घाट पर किया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ और राज्यपाल महोदया के निदेर्शानुसार सुधाकर महिला पी० जी० कालेज को आवंटित रविदास घाट पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवी छात्राओं द्वारा अपने-अपने कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई डॉ. मनोरमा तिवारी, द्वितीय इकाई डॉ. शालिनी मिश्रा, तृत्तीय इकार्ड डॉ. पूजा सिंह के नेतृत्व में और योग प्रशिक्षक अनिल पाण्डेय और डॉ० राजकुमार श्रीवास्तव के प्रशिक्षण में रविदास घाट पर स्वयंसेवी छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया` इस अवसर पर प्राचार्य डॉ० प्रभु नारायण दूबे ने कहा कि योग आपको मानसिक, आध्यात्मिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाने का एक तरीका है` समन्वयक डॉ. अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि योग एक ऐसी क्रिया है जो स्वयं को संतुलित करते हुए लोगों को जागरूक करना चाहिए जिससे भारत के साथ विश्व का भी कल्याण हो और निरोग रहे` निदेशक आशीर्वाद दूबे ने कहा कि योग जो कि भारत इसका जन्मदाता है इसलिए स्वयं को बदलिये जिससे पूरा विश्व बदलेगा उप प्राचार्या डॉ० रमा दूबे और इण्टरमीडिएट कालेज की प्रधानाचार्या आशा पाण्डेय ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनायें दी है` इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएँ व कर्मचारी छात्राओं के साथ रविदास घाट पर सुबह 6 बजे योगाभ्यास कर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाया गया।

## योग दिवस पर स्कूलों से लगायत सरकारी संस्थाओं में लगे योग शिविर

प्रखर पिंडरा वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी योग शिविर लगे। गांव से लेकर बाजार में योग दिवस एक उत्सव की तरह मना। महाविद्यालय, इंटर कालेज से लेकर पब्लिक स्कूल और बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूली के अलावा सरकारी कार्यालयों में योग दिवस मनाया गया। पिंडरा स्थित तहसील परिसर में एसडीएम अंशिका दीक्षित, ब्लॉक मुख्यालय मंगारी पर बीडीओ दीपांकर आर्य, ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बीईओ देवी प्रसाद दुबे, गजोखर नवोदय विद्यालय में प्रिंसिपल नागेश मिश्रा, नेशनल इंटर कालेज पिंडरा में प्राचार्य रामाश्रय सिंह , फूलपुर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, खालिसपुर स्थित



संत नारायण बाबा इंटर कालेज में योग शिविर लगे। वही बरजी में बाबा रामदेव द्वारा स्थापित पतजंलि योगपीठ में 5 दिवसीय विशेष योग शिविर का समापन भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष व पूर्व आईएएस एन पी सिंह ने किया। वही योग प्रशिक्षक संतोष सिंह ने योग कराया। बेसिक शिक्षा परिषद के सम्बद्ध प्राथमिक विद्यालय सैरागोपालपुर, जमापुर, मंगारी, सिंधोरा, बाबतपुर पिंडरा समेत अनेक स्कूलों में योग शिविर का आयोजन हुआ और योग के प्रति संकल्प दिलाते हुए सभी को जागरूक किया गया।

## केन्द्रीय विद्यालय वाराणसी कैंट में योग दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर वाराणसी। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 के अंतर्गत के.वि.वाराणसी कैंट के प्रांगण में योग दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। योगगुरु श्री मधुकर सिंह ने विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों को प्रातः एक साथ विभिन्न योगासनों को कराया। इसको लेकर ऊजार्वान विद्यार्थियों में अत्यंत हर्ष, जोश और उल्लास देखने को मिला।

श्री बैरिस्टर पाण्डेय, प्राचार्य ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि दैनिक जीवन की भागदौड़ में व्यस्त रहते हुए भी लोग अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर स्वस्थ एवं निरोग रह सकते हैं। योग से मष्तिष्क एकाग्रचित



होकर काम करता है तथा हमारे मन में अच्छे विचारों का निवास होता है। योग हमारे शरीर को स्वस्थ,लचीला तथा शक्तिशाली भी बनाए रखता है। उन्होंने लोगों को अपने लिए समय निकालकर नित्य योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती मनीषी सिंह, योग प्रशिक्षक सुश्री सत्या सिंह, श्रीमती अशोका श्रीवास्तव, श्रीमती निवेदिता,सर्वश्री एम हसन प्रधानाध्यापक, के.के. सिंह, ए.पी. सिंह,इमरान अंसारी, राजेश कुमार, एच.एस. यादव, राजबली सिंह, कैलाश नाथ तिवारी, उपेंद्र प्रसाद तिवारी, हरेंद्र नाथ त्रिपाठी, पंकज शर्मा, गिरीश भट्ट, भरत शुक्ल आदि ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम प्रभारी श्री मनिंदर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल के कोइराजपुर परिसर में पारंपरिक योग तथा ब्रेन योग-अभ्यास का उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। संत अतुलानन्द कॉन्वेंट स्कूल कोइराजपुर हरहुआ वाराणसी के परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर वाराणसी सहोदया के कुल 30 से भी अधिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवम् उनके बच्चों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया` प्राचीन भारतीय कला के रूप में योग दिवस को विद्यालय में एक अनुष्ठान के रूप में मनाने की अनवरत परंपरा रही है इस वर्ष भी 15 जून से ही शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए प्रतिदिन योग अभ्यास का कार्यक्रम चल रहा था` आज के इस विशेष कार्यक्रम में संस्था सचिव राहुल सिंह , निदेशिका डॉ. वंदना सिंह तथा प्रधानाचार्या डॉ. नीलम सिंह के साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार दूबे की उपस्थिति विशेष प्रेरणादायी रही` वाराणसी सहोदया से पधारे विद्यालयों में डी.पी.एस. वाराणसी,आर्यन इण्टरनेशनल स्कूल, वनिता पब्लिक स्कूल, हैप्पी मॉडल स्कूल, ब्रेनविन्गस एकेडिमी, मुकुलारण्यम इंग्लिश स्कूल तथा गुरूनानक इंग्लिश स्कूल सहित अन्य सभी प्रतिष्ठित विद्यालयों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई` यह योगाभ्यास रोशन सिंह एवं हरीशचंद्र जी के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ, जिसमें उन्होने अनेक आसन क्रिया का विधि पूर्वक अभ्यास कराया` डी.पी.एस.वाराणसी के योग शिक्षक अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने ब्रेन योगा का रोमांचक अभ्यास कराया जिसे अभ्यागतो एवं बच्चों ने भरपूर सराहा` इस पूरे आयोजन में मीडिया पार्टनर आई- नेक्स्ट का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का विगत कई दिनों से योगाभ्यास कराने में काशीनाथ सिंह सहित सभी शारीरिक शिक्षा विभाग का विशेष प्रयास रहा है। संस्था सचिव राहुल सिंह ने अपने उद्बोधन में विशेष रूप से युवा पीढ़ी का आह्वान करते हुए कहा कि योग का नियमित अभ्यास जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है तथा योग ही उनके मानसिक एवं शारीरिक शक्ति को सुदृढ़ कर सकता है कार्यक्रम का संचालन शेफाली श्रीवास्तव द्वारा किया गया।




## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पतंजलि योग संस्थान के तत्वाधान में योग शिविर का आयोजन

प्रखर वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में पतंजलि योग संस्थान के तत्वाधान में मंडुआडीह में हीरालाल पार्क में योग शिविर का आयोजन हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी आशुतोष सिन्हा और विशिष्ठ अतिथि पूर्व पार्षद वरुण सिंह , सिद्धार्थ मौर्या और आनंद पटेल रहे। दिप प्रज्वलन के बाद योग शिविर में योग से निरोग रहने पर अल्प चर्चा में एमएलसी आशुतोष सिन्हा ने कहा योग ही एक मात्र साधन है जिससे व्यक्ति स्वस्थ्य , निरोगी और प्रसन्न रह सकता है । अपने नियमित योग दिनचर्या से व्यक्ति खुद और अपने परिवार को खुश रख सकता है । विशिष्ठ अतिथि पूर्व पार्षद वरुण सिंह , सिद्धार्थ मौर्या और आनंद पटेल ने एक स्वर में आज के दौर में योग को निरोग रहने का मूल साधन बताया । शिक्षण संस्थाओं में भी योग पर चर्चा करते रहने की जरूरत है। अवधेश योगी ने बताया योग के माध्यम से लोगों को स्वस्थ्य रहने के लिए अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मण्डुआडीह स्थित होरीलाल पार्क में 21 जून 2023 को हमारे योगी साधक भाई बहन बहुत संख्या में आकर हर्षउल्लास के साथ योग किये और की अन्तराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाए। आज योग दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में आशुतोष सिन्हा (टछउ स्नातक) और विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद वरुण सिंह , सिद्धार्थ मौर्या व आनंद पटेल मौजूद अतिथियों का हमारी संस्था स्वागत करती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अवधेश योगी (अध्यक्ष) , अजय जी , अखिलेश, आशा देवी, चंचल जी, रीना जी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## शाही किले में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हजारों लोगों ने किया योग

प्रखर जौनपुर । नगर के शाही किले में नवम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा योग महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार, मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव एवं प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डॉ रामसूरत मौर्या, जिलाधिकारीअनुज कुमार झा व पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान का आयोजन किया गया। ऑनलाइन वीडियो प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग पर वक्तव्य को उपस्थित सभी लोगों ने सुना। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि योग मनुष्य के जीवन के लिए काफी



लाभदायक होता है। हम सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए, योग हमें तमाम बीमारियों से बचाता है तन मन में नई ऊर्जा लाता है तन और मन को स्वस्थ और सुंदर रखना है तो योग अवश्य करें। प्रधानमन्त्री ने तथा मुख्यमंत्री ने पूरे विश्व को योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूरा विश्व योग कर रहा है। पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति द्वारा उपस्थित हजारों लोगों को योग प्रशिक्षण दिया गया। प्रोटोकॉल के तहत खड़े होकर किये गये आसनों में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन और त्रिकोणासनों का अभ्यास कराते हुए बैठकर और लेटकर आसनों में भद्रासन, शशकासन, उष्ट्रासन, भुजंगासनो के साथ शव आसन का अभ्यास कराते हुए मनोदैहिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले उनके लाभों को बताया गया। प्राणायामों में कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी और उद्गीथ प्राणायामों के साथ ध्यान का अभ्यास कराते हुए योग के संकल्प के साथ शांति पाठ करके प्रोटोकॉल का समापन किया गया। अन्त में जिलाधिकारी के द्वारा कहा गया कि हर घर तक योग को पहुंचाकर लोगों को स्वस्थ रखनें के लिए संकल्पित किया जाए। आगंतुकों का आभार जिलाधिकारी महोदय द्वारा व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर सीएमओ डॉ0 लक्ष्मी सिंह, एसपी सिटी बृजेश कुमार, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आर0डी0 यादव, उपायुक्त मनरेगा भूपेन्द्र सिंह, अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, कई प्रबुद्धजन सहित आमजनमानस ने भी योग किया।

## योगः कर्मसु कौशलम्



प्रखर पराऊगंज जौनपुर। योग से आती है हमारे कर्मों में कुशलता और हम बन जाते हैं आत्मनिर्भर उक्त बातें कुटीर पीजी कॉलेज चक्के में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राचार्य मेजर प्रोफेसर डॉ रमेश मणि त्रिपाठी ने कहीं उन्होंने योग को रेखांकित करते हुए कहा कि संस्थापक जी दूरदृष्टा होने के नाते संस्थान की मात्र संस्था श्री गीता साहित्य कुटीर के दीवारों पर अंकित योगः कर्मसु कौशलम् का वाक्य आज के समय में जन-जन के बीच प्रासंगिक हुई है योग न केवल हमारा स्वाभिमान बढ़ाता है बल्कि उपयोगी व आत्मनिर्भर बनाकर हमें स्वावलंबन की सनातन परंपरा से भी जोड़ता है। कर्मों की कुशलता ही योग है उक्त अवसर पर प्रोफेसर डॉ राघवेंद्र पांडे ने योग पर अपना विचार प्रकट किया। योग शिक्षक शंभू नाथ यादव को प्राचार्य ने अंग वस्त्र रुद्राक्ष की माला भेंट कर स्वागत किया योग शिक्षक ने। योग के तमाम आसन प्राणायाम का अभ्यास उपस्थित एनएसएस एनसीसी रोवर्स रेंजर्स के छात्र एवं छात्राओं तथा महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कराया। इस मौके पर डॉ अमरेश कुमार लेफ्टिनेंट डॉ चित्रसेन गुप्त वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ एनपी मिश्र पूनम सिंह डॉ सीवी पाठक डॉ रामेश्वरनाथ मिश्र विद्यानिवास मिश्र ग्रंथाध्यक्ष कृष्ण प्रताप दुबे कृष्ण कुमार मिश्र रत्नाकर पाठक समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### त्रिकुटा सेवा संस्थान द्वारा संचालित (चिल्ड्रेन लर्निंग सेंटर) पर आयोजित किया गया



प्रखर दानगंज वाराणसी। माधव शिक्षा संस्कार केंद्र के सचिव संस्थापक हृदेश कुमार पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी श्रीमान दृष्टांत द्विवेदी और कार्यक्रम समन्वयक धीरज सिंह और देवेंद्र यादव के प्रेरणा व मार्गदर्शन से बेनीपुर कला गांव में लोगो को अपने गांव और समाज में त्रिदिवसीय कार्यक्रम के तहत बच्चों और उनके अभिभावक को आज विश्व योग दिवस के अवसर पर आपने केंद्र पर योगासन एवं शिक्षा, संस्कार व उनके बच्चे में बदलाव लाने के लिए सेमिनार बैठक का आयोजन किया गया और उन्हें शिक्षा संस्कार व योग के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया।

### पिंडरा बाजार में निकली रथयात्रा, उमड़ी भीड़



प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा बाजार में व्यापारियों के सहयोग से गत 102 वर्षो से निकाली जा रही रथयात्रा का शुभारंभ मंगलवार को सायंकाल में पिंडरा स्थित लक्ष्मीनारायण मन्दिर से गाजे बाजे के साथ निकली। रथ में भगवान जगन्नाथ, बालभद्र व सुभद्रा की स्थापित मूर्ति के दर्शन पूजन के लिए रास्ते में महिला व पुरुषों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान पुलिस बल भी रथयात्रा के साथ चलती रही। वही रथ लक्ष्मीनारायण मन्दिर से होते हुए विधायक मोड़ से बाजार के अंतिम छोर जाने के फिर लक्ष्मीनारायण मन्दिर पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान पुजारी चन्द्रबली पांडेय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामू गुप्ता, हनुमान अग्रहरी, राजन अग्रहरी, अभिषेक, युवराज, सचिन जायसवाल, राधेश्याम, किशन भोजवाल, रमेश जायसवाल समेत अनेक गणमान्य लोग रहे।

### नयी दिशा द्वारा योग शिविर का आयोजन सत्येंद्र मिश्र के जन्मदिन पर हुआ पौधरोपण



प्रखर कुशीनगर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा बुधवार को हाटा विकास खंड के मोहर प्रसाद जायसवाल इंटरमीडिएट कॉलेज, अहिरौली बाजार में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जवाहर नवोदय विद्यालय के काउंसलर व योग गुरु सत्येंद्र मिश्र ने लोगों को इस वर्ष की थीम वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग से अवगत कराते हुए कहा कि इसका अर्थ है धरती ही परिवार है और धरती पर सभी लोगों के स्वास्थ्य के लिए योग की उपयोगिता है। उन्होंने सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, अर्ध कटिचक्रासन, वीर भद्रासन, भ्रामरी, कपालभाति, अनुलोम विलोम इत्यादि योग से सम्बंधित आसनों का अभ्यास कराया। योग गुरु सत्येंद्र मिश्र ने विद्यालय परिसर में अपने जन्मदिन के अवसर पर नयी दिशा द्वारा चलाये जा रहे पौधरोपण संग जन्मोत्सव अभियान के अंतर्गत आम, आंवला व नीम का पौधा भी लगाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रमेश जायसवाल, अश्वनी पांडेय, देवानंद गौड़, नित्यानंद प्रजापति, चंदन प्रजापति, रवि गुप्ता, किशन पटेल, तानवी, तनिष्का, कुंज, नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र इत्यादि उपस्थित रहे।

### घायल लड़की के लीवर से निकाली गोली खतरे से बाहर

प्रखर जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के काफरपुर गांव की निवासी एक लड़की को बदलापुर के मिरशादपुर में आयोजित शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लग गई थी। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे नई गंज के दुर्गा सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने सफल ऑपरेशन कर लीवर से गोली निकालकर लड़की को खतरे से बाहर बताया । कहां अब घायल लडकी ठीक है लेकिन उपचार चलेगा। मिरशादपुर के निवासी चौथी राम केवट के पुत्र की शादी समारोह मे जयमाल कार्यक्रम के दौरान विगत दिनों किसी ने जयमाल स्टेज के पीछे से फायरिंग कर दी । बुआ की शादी में गयी सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के काफरपुर के निवासी बाठू बिंद की बेटी रूबी के पेट में गोली जा लगी। इसके साथ एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ था। लोगों ने आनन-फानन में घायल रूबी को नईगंज दुर्गा सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां डॉ आलोक यादव ने बताया कि लीवर में गोली फसने से स्थित बहुत जटिल था । लेकिन सफल ऑपरेशन कर गोली तो निकाल लिया उन्होने कहा कि अब लड़की पूरी तरह खतरे से बाहर है। थोड़ा बहुत इनफेक्शन का असर था ,लेकिन अब ठीक है और अभी लड़की का उपचार चलेगा । लड़की के परिजनों ने डॉक्टर के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि डॉक्टर ने बच्चे की जान बचाई है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं